राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड संगठन की मासिक पत्रिका

# स्काउट गाइड ज्योति

वर्ष-26 | अंक-06 | दिसम्बर, 2025 | कुल पृष्ठ-32 | मूल्य-₹ 15

## 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी
## विशेषांक








ग्राण्ड फिनाले गोल्डन जुबली एवं 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी के समापन समारोह में महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु सलामी लेती हुई। राजस्थान दल के अधिकारी जम्बूरी का सर्वोच्च पुरस्कार प्राप्त करते हुए तथा पुरस्कारों के साथ राजस्थान दल के अधिकारीगण

# जम्बूरी में महामहिम



**19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी के समापन समारोह में मुख्य अतिथि भारत की महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु खुली जीप से जम्बूरी का निरीक्षण करती हुईं**



**19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी के उद्‌घाटन समारोह में मुख्य अतिथि उत्तरप्रदेश की महामहिम राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल खुली जीप से जम्बूरी का निरीक्षण करती हुईं**

**स्काउट गाइड ज्योति**
**वर्ष : 26 अंक : 06**
**दिसम्बर, 2025**

## सलाहकार मण्डल

**निरंजन आर्य**
आई.ए.एस. (से.नि.)
स्टेट चीफ कमिश्नर

**आशीष मोदी**, आई.ए.एस.
स्टेट कमिश्नर (स्काउट)

**निर्मल पंवार**
स्टेट कमिश्नर (रोवर)

**डॉ. भंवर लाल**, आई.ए.एस.
स्टेट कमिश्नर (कब)

**महेन्द्र कुमार पारख**, आई.ए.एस.(से.नि.)
स्टेट कमिश्नर (एडल्ट रिसोर्स)

**रूक्मणि आर.सिहाग**, आई.ए.एस.
स्टेट कमिश्नर (गाइड)

**शुचि त्यागी**, आई.ए.एस.
स्टेट कमिश्नर (रेंजर)

**टीना डाबी**, आई.ए.एस.
स्टेट कमिश्नर (बुलबुल)

**मुग्धा सिन्हा**, आई.ए.एस.
स्टेट कमिश्नर (एडल्ट रिसोर्स)

**स्टेट कमिश्नर (हैडक्वार्टर्स-स्काउट)**
नवीन महाजन, आई.ए.एस.
नवीन जैन, आई.ए.एस.
टीकम चंद बोहरा, आई.ए.एस.
आर.पी. सिंह, आई.पी.एस. (से.नि.)
डॉ. एस.आर. जैन
डॉ. अखिल शुक्ला
मनीष कुमार शर्मा

**राज्य कोषाध्यक्ष**
ललित वर्मा

## सम्पादक

**डॉ. पी.सी.जैन**
राज्य सचिव

## सहायक सम्पादक

**नीरज जैन**





## इस अंक में


| विषय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|
| दिशाबोध | 4 |
| संपादकीय | 4 |
| 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी | 5 |
| रेल सफर / प्रदर्शनी देखने उमड़ा जन-सैलाब | 6 |
| उद्‌घाटन समारोह | 7 |
| साहसिक गतिविधियाँ | 8 |
| राजस्थान दिवस | 9 |
| समापन समारोह | 10 |
| राजस्थान को सर्वोच्च अवार्ड | 11 |
| धन्यवाद बैज एवं सिल्वर एलीफेंट अवार्ड | 12 |
| राज्य पदाधिकारियों का सान्निध्य | 12 |
| विजेता दल का अभिनन्दन | 13 |
| सांसद द्वारा हॉल का लोकार्पण | 14 |
| विधायक द्वारा कमरों का लोकार्पण | 14 |
| गतिविधि दर्पण | 21 |
| स्काउट गाइड स्थापना दिवस | 20 |
| स्काउट गाइड दल : गठन व संचालन | 25 |
| हमारा स्वास्थ्य : कैसे करें तनाव का सामना | 26 |
| हमारे महापुरुष : पंडित मदन मोहन मालवीय | 27 |
| दक्षता पदक | 29 |
| गतिविधि पञ्चांग | 30 |


## लेखकों से निवेदन

स्काउट गाइड ज्योति का प्रकाशन मात्र प्रकाशन भर नहीं है बल्कि यह पत्रिका हमारे संगठन का दर्पण है, जो आयोजित हो चुकी गतिविधियों को प्रस्तुत करने, संगठन के कार्यों और इसके प्रशिक्षण तथा अन्य समाजोपयोगी क्रियाकलापों के विचारों को प्रकट करने का सशक्त माध्यम है।

समस्त पाठकों, सृजनात्मक एवं रचनाधर्मी प्रतिभाओं से स्वलिखित, मौलिक व पूर्व में अप्रकाशित स्काउटिंग गाइडिंग से संबंधित लेख, यात्रा वृत्तान्त, कैम्प क्राफ्ट संबंधी लेख, प्रशिक्षण विधि, पाठक प्रतिक्रिया आदि प्रकाशनार्थ आमंत्रित हैं। आपके अनुभव प्रत्येक स्काउट गाइड के लिए अमूल्य हैं। आप द्वारा प्रेषित सामग्री आपके नाम व फोटो के साथ प्रकाशित की जावेगी। लेख स्पष्ट टंकित हो तथा उस पर यह अवश्य लिखा हो कि 'यह लेख मौलिक एवं अप्रकाशित है'।

प्रकाशनार्थ सामग्री हमारी ईमेल आई.डी. **scoutguidejyoti@gmail.com** पर भिजवाई जा सकती हैं।

| स्काउट गाइड ज्योति वार्षिक सदस्यता शुल्क | आजीवन सदस्यता शुल्क |
|---|---|
| व्यक्तिगत शुल्क :100/- संस्थागत शुल्क:150/- | 1200/- |

शुल्क राशि राज्य मुख्यालय जयपुर पर एम.ओ. अथवा 'राजस्थान स्टेट भारत स्काउट एण्ड गाइड, जयपुर' के नाम डिमान्ड ड्राफ्ट द्वारा जमा कराई जा सकती है।

**नोट : स्काउट गाइड ज्योति में छपे/व्यक्त विचार प्रस्तोता के अपने हैं। यह जरूरी नहीं है कि संगठन इनसे सहमत ही हो।**

## दिशाबोध



# राष्ट्रीय जम्बूरी : राजस्थान की जीत का फहरा परचम

राजस्थान के लिए गर्व की बात है कि 23 से 29 नवम्बर 2025 तक लखनऊ (उत्तर प्रदेश) में आयोजित 19वीं राष्ट्रीय स्काउट गाइड जम्बूरी में प्रदेश संगठन ने इसके लिए एक ही लक्ष्य निर्धारित किया था–सर्वोत्कृष प्रदर्शन और सर्वोच्च अवार्ड जीत का, और हमारे राजस्थान दल ने अपना लक्ष्य हांसिल कर इतिहास दोहराया है। गत् 26 वर्षों से हमारे स्काउट गाइड जम्बूरी में सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन कर उत्कृष्ट राज्य की वैजयन्ती (शील्ड) अपने नाम करते आ रहे हैं। परंपरा जारी है, पर इसके साथ ही हमने अपनी आन्तरिक श्रेष्ठता का परचम भी फहराया है। ऐसी आन्तरिक श्रेष्ठता जिसका तेज हमारे अन्तर से निकल कर सभी के मानस को आलौकित कर रहा है।

केवल मात्र जीत और प्रथम स्थान पर कायम रहना ही हमारी वास्तविक सफलता नहीं है, अपितु हमारे स्काउट गाइड ने सभी का दिल भी जीता है। प्रतियोगिता के फलस्वरूप हमारे प्रतिद्वंदी न केवल हमारी जीत का बखान कर रहे हैं वरन् हमारे रहन–सहन, आचार–विचार, बोल–चाल, आहार–व्यवहार आदि सभी की प्रशंसा कर रहे हैं। अर्थात् हमारा लक्ष्य वैजयन्ती जीतने के साथ साथ दिलों को भी जीतना रहा है। हमने शिविर की तैयारियों के साथ सभी पहलुओं पर अपना ध्यान केन्द्रित कर संभागियों व प्रतिभागियों में लक्ष्य प्राप्ति के लिए अप्रतिम जोश, कड़ी मेहनत, दृढ़ इच्छाशक्ति और कामयाबी की लगन का संचार प्रवाहित किया। जम्बूरी में उत्साह और जोश की सरिता बही, इसका विशेष ध्यान रखा गया। हमारे स्काउट गाइड ने अपने मानस में यह अंकित कर रखा था कि जम्बूरी एक ऐसी प्रतियोगिता है जो मुश्किल डगर पर कैसे चलना है, असफलता से कैसे पार पाना है, जिन्दगी के अनेक पड़ावों को तय करना है और कठिन हालात में भी मन चट्टान की तरह कैसे अडिग रहे....ये सिखाती हैं। इसी के परिणामस्वरूप इतिहास को दोहराया गया और जम्बूरी के सभी अवार्ड राजस्थान दल ने अपने नाम कर सफलता का परचम फहराया।

जम्बूरी में सफलता के लिए सभी को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं.....

**निरंजन आर्य**
**स्टेट चीफ कमिश्नर**

## संपादकीय



29 नवम्बर का 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी का स्वर्णिम विजय घोषणा दिवस। प्रदेश संगठन के पदाधिकारियों का कुशल नेतृत्व व सजग मार्गदर्शन के साथ–साथ स्काउट्स एवं गाइड्स का सतत सुधार का अभ्यास एवं श्रेष्ठ प्रस्तुति इस उपलब्धि को प्राप्त करने में सहायक बने। इस जम्बूरी में हमारा दल अत्यल्प समय की विशेष तैयारियों के साथ सम्मिलित हुआ। अतः यह जम्बूरी पिछली जम्बूरियों से कुछ अलग हटकर चुनौतिपूर्ण थी। जम्बूरी स्थल पर सुहाने मौसम ने सभी संभागियों को आनन्दित व प्रफुल्लित बनाए रखा। आयोजकों द्वारा प्रदत्त उम्दा व्यवस्थाओं ने तो इस जम्बूरी को स्काउट्स गाइड्स की स्मृति में सुखद यादगार बना दिया।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 1998 से राष्ट्रीय जम्बूरियों में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का समावेश करते हुए विजेता को पुरस्कृत करने का निर्णय हुआ और सभी को यह बताते हुए हर्षानुभूति है कि तब से अब तक की आयोजित सभी राष्ट्रीय व स्पेशल जम्बूरियों में राजस्थान ने सर्वोच्च स्थान प्राप्त करते हुए राष्ट्रीय विजय पताका को अपने नाम किया है। लखनऊ जम्बूरी में राजस्थान दल ने विजय पताका पुनः अपने नाम कर प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। जम्बूरी स्थल पर राजस्थान की रंग बिरंगी छटा अपने आप में आकर्षक थी।

आज हमारा मस्तक गर्व से ऊँचा है और निगाहें अगले लक्ष्य की ओर। प्रदेश संगठन के स्टेट चीफ कमिश्नर श्री निरंजन आर्य जी ने अब प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर संख्यात्मक व गुणात्मक दृष्टि से भी अव्वल बनाने का लक्ष्य रखा है। मेरा आप सभी कार्यकर्ताओं से अनुरोध है कि जिले के शत–प्रतिशत विद्यालयों में स्काउट–गाइड ग्रुप व कम्पनी का पंजीकरण कराने के साथ ही इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए संकल्पभाव से जुट जाएं।

हार्दिक शुभकामनाएं सहित.....

**डॉ. पी.सी. जैन**
**राज्य सचिव**



# 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी

**प्रतिवेदन**

**23 नवम्बर से 29 नवम्बर, 2025 लखनऊ (उत्तरप्रदेश)**

**सशक्त युवा – विकसित भारत**






भारत स्काउट व गाइड, राष्ट्रीय मुख्यालय, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश भारत स्काउट व गाइड के तत्वावधान में 23 नवम्बर से 29 नवम्बर 2025 तक लखनऊ के डिफेन्स एक्सपो ग्राउण्ड में 19वीं राष्ट्रीय स्काउट गाइड जम्बूरी का भव्य आयोजन किया गया। जम्बूरी में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु चल रही पूर्व तैयारियों को स्टेट चीफ कमिश्नर श्री निरंजन आर्य, स्टेट कमिश्नर श्री आर.पी. सिंह, डॉ. अखिल शुक्ला, राज्य सचिव डॉ. पी.सी. जैन, राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट) श्री पूरण सिंह शेखावत, राज्य प्रशिक्षण आयुक्त श्री बन्ना लाल एवं कार्यवाहक राज्य संगठन आयुक्त (गाइड) सुश्री सुयश लोढ़ा, एएसओसी नीता शर्मा, विनोद जोशी, रामजस, दिलीप माथुर, मनमोहन स्वर्णकार, गिरिराज गर्ग ने अन्तिम रूप प्रदान किया।

जम्बूरी में सहभागिता से पूर्व जयपुर के जगतपुरा स्थित राज्य प्रशिक्षण केन्द्र पर 19 से 21 नवम्बर, 2025 तक जम्बूरी तैयारी शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश के समस्त जिलों से राजकीय एवं निजी विद्यालयों से 1703 स्काउट–गाइड, लीडर्स एवं अन्य की सहभागिता रही।

जम्बूरी तैयारी शिविर में संभागियों की हौसला अफजाई एवं उन्हें मार्गदर्शन प्रदान करने जल संसाधन मंत्री श्री सुरेश सिंह रावत, पंचायती राज राज्यमंत्री श्री ओटाराम देवासी, राजस्थान वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरूण चतुर्वेदी, स्टेट चीफ कमिश्नर श्री निरंजन आर्य, स्टेट कमिश्नर श्री आर.पी. सिंह, डॉ. अखिल शुक्ला, राज्य सचिव डॉ. पी.सी. जैन एवं अनेक प्रशासनिक अधिकारियों व विशिष्ट जनों ने शिरकत की।

श्री रावत ने सम्मेलन शिविर के उद्घाटन समारोह में कहा कि जीवन के सर्वांगीण विकास के लिए स्काउट गाइड प्रशिक्षण एक बड़ा मंच प्रदान करता है। यह अनुशासनप्रिय, सेवाभावी और राष्ट्रहित को सर्वोपरि मनाने वाला महत्वपूर्ण संगठन है।

डॉ. अरूण चतुर्वेदी ने सम्मेलन शिविर के समापन समारोह में राजस्थान दल द्वारा अनुशासन धैर्य और समन्वय के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राजस्थान प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करने हेतु शुभकामनाओं के साथ आशीर्वाद प्रदान किया।

स्टेट चीफ कमिश्नर श्री निरंजन आर्य ने कहा कि राजस्थान राष्ट्रीय जम्बूरी में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अव्वल रहा है। इस बार भी स्काउट गाइड फिर से प्रथम स्थान प्राप्त करेंगे। स्काउट प्रशिक्षण में सिखाया गया अनुशासन व्यक्ति को जीवनभर प्रभावित करता है।

मण्डलवार स्काउट्स–गाइड्स, संचालक दल, चिकित्सा एवं अन्य की निम्नानुसार सहभागिता रही :

## 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी में प्रदेश में सहभागिता

| क्र.सं. | मण्डल | स्काउट | स्काउटर | गाइड | गाइडर | अन्य | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अजमेर | 80 | 10 | 88 | 11 | 22 | 211 |
| 2. | भरतपुर | 76 | 10 | 48 | 07 | 12 | 153 |
| 3. | बीकानेर | 115 | 14 | 72 | 09 | 18 | 228 |
| 4. | जयपुर | 230 | 29 | 64 | 08 | 23 | 354 |
| 5. | जोधपुर | 152 | 19 | 86 | 12 | 09 | 278 |
| 6. | कोटा | 104 | 13 | 64 | 08 | 11 | 200 |
| 7. | उदयपुर | 112 | 14 | 95 | 12 | 08 | 241 |
| 8. | राज्य मुख्यालय स्टाफ | | | | | 26 | 26 |
| 9. | मेडिकल टीम | | | | | 03 | 03 |
| 10. | फोटोग्राफर एवं सर्विस रोवर रेंजर | | | | | 09 | 09 |
| | योग | 869 | 109 | 517 | 67 | 141 | 1703 |

# रेल सफर





शुक्रवार, 21 नवम्बर, 2025 को सांय 6 बजे राजस्थान दल के 1703 स्काउट गाइड, स्काउटर गाइडर व स्टाफ की स्पेशल ट्रेन को स्टेट चीफ कमिश्नर एनडब्ल्यू रेलवे स्टेट कैप्टन शशि किरण, स्टेट कमिश्नर डॉ. अखिल शुक्ला एवं राज्य सचिव डॉ. पी.सी. जैन ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। जम्बूरी में राजस्थान का परचम फहराने का आव्हान किया। श्री आर्य ने कई स्काउट गाइड से वार्ता की और उनकी तैयारियों के बारे में जाना। रेल के लोको पायलेट और गार्ड का मुँह मीठा कर हरी झण्डी दिखाकर रेल को रवाना किया। 18 बोगी व 2 एसएलआर की स्पेशल रेल से हँसते, मुस्कुराते, खेलते, कूदते, गाते, नाचते बच्चें लगभग 12 घण्टे का आरामदायक सफर तय करते हुए 22 नवम्बर की प्रातः 5 बजे लखनऊ रेलवे स्टेशन पहुंचे। रेलवे स्टेशन पर स्थानीय प्रशासन द्वारा पूरे दल को जम्बूरी स्थल पहुंचाने के लिए निःशुल्क बसों एवं पिकअप की व्यवस्था की गई थी।

जम्बूरी के पश्चात वापसी का सफर 29 नवम्बर को सायं 5.30 बजे प्रारम्भ हुआ और 30 नवम्बर को प्रातः 5.45 बजे जयपुर पहुंच कर जम्बूरी यात्रा की समाप्ति हुई।

# प्रदर्शनी देखने उमड़ा जन-सैलाब






जम्बूरी में प्रतियोगिता के तहत सभी प्रदेशों के संभागियों ने अपने–अपने राज्यों की जानकारी, कला, संस्कृति एवं योजनाओं को दर्शाने के लिए प्रदर्शनी का आयोजन किया।

राजस्थान प्रदेश के संभागियों ने प्रभारी बसन्त कुमार लाटा के निर्देशन में अपनी विशाल प्रदर्शनी में विभिन्न पोस्टर्स, वस्तुओं व जीवंत प्रदर्शन द्वारा राजस्थान की कला एवं संस्कृति को प्रदर्शित किया। वहीं प्रदेश में चल रही राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का व्यापक प्रस्तुतिकरण किया। इसकी कार्यविधि, कार्य प्रणाली व अब तक प्राप्त सफलता के आकड़ों को चित्रों व हस्तनिर्मित मॉडल्स द्वारा प्रदर्शित किया। प्रदेश में सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा व ऊर्जा संरक्षण में राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश ने सर्वोच्च स्थान बनाया है, से भी आगन्तुकों को अवगत करवाया।

प्रदेश में आंचलिक स्तर पर विख्यात कलाओं यथा सांगानेरी प्रिन्ट, बगरू प्रिन्ट, कोटा डोरिया, बन्धेज आदि का स्काउट–गाइड ने आगन्तुकों के सम्मुख प्रायोगिक प्रदर्शन कर प्रदेश की इन कलाओं की विधि, सामग्री एवं तरीकों से अवगत कराया। ऊर्जा संरक्षण, वाटर हार्वेस्टिंग आदि कार्यों को मॉडल द्वारा दर्शाया। प्रदेश के पर्यटन स्थलों, ऐतिहासिक धरोहरों, धार्मिक स्थलों, परिधानों, गहनों, लकड़ी व लाख के उत्पादों आदि का विहंगम प्रस्तुतिकरण रंग–रंगीलो राजस्थान की आन–बान–शान को दर्शा रहा था।

राजस्थान दल द्वारा लगाई प्रदर्शनी की लोकप्रियता का आलम यह था कि अन्य प्रदेशों के संभागियों एवं विजिटर्स का जन–सैलाब उमड़ पड़ा। अनुमानित तौर पर लगभग 10 हजार लोगों ने प्रदेश की प्रदर्शनी को देखा और खुले शब्दों में प्रशंसा की तथा स्काउट गाइड को उनके द्वारा की गई मेहनत पर बधाई दी।

# उद्घाटन समारोह



**24** नवम्बर, 2025 को दोपहर 3 बजे उत्तरप्रदेश की माननीया राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल के मुख्यातिथ्य में जम्बूरी का उद्घाटन समारोह प्रारम्भ हुआ। कार्यक्रम के प्रारम्भ में सभी अतिथियों का स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया गया।

मुख्य अतिथि ने 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी का उद्घाटन एवं विभिन्न प्रदेशों और विदेश से आए स्काउट गाइड प्रतिभागियों, शिक्षकों, प्रशिक्षकों और अभिभावकों का स्वागत करते हुए कहा कि जम्बूरी बच्चों के लिए सीखने, अनुभव साझा करने और अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का उत्कृष्ट मंच है। उन्होंने आयोजन को भारत की एकता और विविधता का सशक्त प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं। उनके व्यक्तित्व का विकास करते हैं। समाज के प्रति कर्तव्यबोध जगाते हैं। यह जम्बूरी न केवल महोत्सव है, बल्कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव भी है। उत्तरप्रदेश सरकार ने इस आयोजन के लिए लगभग 56 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं।

शाम को उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने ड्रोन शो का उद्घाटन किया। 350 ड्रोन आसमान में उड़े। ड्रोन से आसमान में धनुषधारी श्रीराम, यूपी शासन का लोगो, जम्बूरी लोगो, एडवेंचर करते स्काउट गाइड, आदि की आकृति बनाई गई।

इससे पहले उत्तरप्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, भारत स्काउट व गाइड के अध्यक्ष श्री अनिल कुमार जैन और मुख्य राष्ट्रीय आयुक्त डॉ. के.के. खंडेलवाल, अध्यक्ष स्काउट गाइड संगठन–उत्तरप्रदेश डॉ. महेन्द्र सिंह, स्टेट चीफ कमिश्नर–उत्तरप्रदेश डॉ. प्रभात कुमार ने माननीय राज्यपाल का स्वागत किया। जम्बूरी एरिना में पहुंचने पर, परेड की समीक्षा करने के लिए राजस्थान की कलर पार्टी ने उनका स्वागत किया। उन्हें डॉ. के.के. खण्डेलवाल एवं डॉ. प्रभात कुमार ने खुली जीप में जम्बूरी का निरीक्षण करवाया।



स्काउट गाइड प्रार्थना और स्काउट गाइड ध्वज फहराने के साथ उद्घाटन समारोह की शुरुआत हुई। मुख्य अतिथि ने सभी राज्यों की मार्चिंग टुकड़ियों की सलामी ली।

मुख्य राष्ट्रीय आयुक्त ने अपने स्वागत भाषण में अतिथियों एवं गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया। सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। जम्बूरी के उपलक्ष्य में विशेष डाक कवर और डाक टिकट जारी किए।

श्री अनिल कुमार जैन, अध्यक्ष, भारत स्काउट व गाइड ने अपने प्रेरक भाषण में सदस्यों को कल के नेताओं के रूप में प्रेरित किया और युवाओं को 'जीने और बढ़ने' की सलाह देते हुए कहा कि यह जम्बूरी केवल भारत स्काउट व गाइड के इतिहास के अतीत का उत्सव नहीं है बल्कि हमारे मिशन की निरंतरता है। संस्कृति की विविधता के लिए गहरा सम्मान रखें। स्काउटिंग प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने और मूल्यों को प्रदर्शित करने का एक अविश्वसनीय मंच है।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों के अन्तर्गत राजस्थान के स्काउट–गाइड की कलर पार्टी द्वारा ध्वजारोहण किया गया, राजस्थान बैण्ड ने अपनी मधुर धुनों से ऐरिना को गुंजायमान किया तथा स्काउट गाइड ने महाराणा प्रताप की शौर्य गाथा के चित्रण को प्रदर्शित करते हुए ढाल–तलवार के साथ शारीरिक प्रदर्शन कर सबका ध्यान आकर्षित किया।

# साहसिक गतिविधियाँ

## स्काउट-गाइड ने पूरे जोश व उल्लास के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा लिया







भव्य और उत्साह–उल्लास से पूर्ण 7 दिवसीय जम्बूरी के दौरान साहसिक गतिविधियों की प्रतियोगिताओं में स्काउट्स–गाइड्स ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। जम्बूरी में पहली बार भाग ले रहे विद्यालयों के युवक–युवतियों ने पूरे जोश व उल्लास के साथ इन साहसिक प्रतियोगिताओं में सहभागिता कर अपनी निडरता, आत्मविश्वास एवं विषम परिस्थितियों से लड़ने के जज़्बे का परिचय दिया।

साहसिक गतिविधि प्रतियोगिताओं के अन्तर्गत स्टिक वॉक, कमाण्डो ब्रिज, मंकी ब्रिज, कमाण्डो क्रोसिंग, लेडर, बेलेन्सिंग, मंकी क्रोलिंग, हॉरिजेंटल बार पर झूलना, तैरता झूला, टायर वाल, टायर चिमनी, टायर टनल, वॉल क्लाइम्बिंग, गन शूटिंग, तीरंदाजी, ब्लाइण्ड ट्रेल, रस्से पर चढ़ना, हेंगिंग टायर, पोस्टर बनाना, बास्केट बॉल व अन्य रोचक एवं साहसिकता से भरी गतिविधियों में प्रतिभागी बन कर स्काउट्स व गाइड्स ने अपने–अपने उत्साह के साथ सहभागिता की।

कमाण्डो ब्रिज, वॉल क्लाइम्बिंग व मंकी क्रोलिंग जैसे अनेक साहसिक प्रदर्शन के लिए जब गाइड्स (युवतियाँ) आगे बढ़ीं तो एकाएक उन्हें डर की अनुभूति हुई, परन्तु देखते ही देखते सभी बाधाओं को पार करते हुए जब वे आगे बढ़ती चली गई तो अन्य में भी जोश का समागम हुआ।

इन गतिविधियों का मकसद युवाओं में साहस व आत्मविश्वास के संचार के साथ ये अहसास करवाना है कि वे भी इस देश के लिए वह सब कर सकते हैं जो देश की सीमा पर तैनात फौजी या देशभक्त कर सकने में पारंगत हैं।

साहसिक गतिविधियों के साथ ही फन एक्टिविटि व पायनियरिंग प्रोजेक्ट प्रतियोगिताएं भी सम्पन्न हुई। जिसमें राजस्थान के स्काउट्स द्वारा वॉच टावर बनाया गया, जो जम्बूरी में 'ए' ग्रेड प्राप्त कर प्रथम रहा।








# राजस्थान दिवस

## प्रदेश की सभ्यता व संस्कृति का प्रतिबिम्ब




राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड द्वारा डायमंड जुबली जम्बूरी का 27 जनवरी का सायंकालीन सत्र 'राजस्थान दिवस' के लिए यादगार रहा। प्रदेश स्काउट गाइड संगठन के पदाधिकारियों के विशिष्ट आतिथ्य में लखनऊ में राजस्थान दिवस के आयोजन ने प्रदेश की परम्पराओं, सभ्यता व संस्कृति से रूबरू कराया।

इस अवसर पर भारत स्काउट गाइड के श्री पीजीआर सिंधिया, उपाध्यक्ष श्रीमती गीता नटराजन, सीएनसी डॉ. के.के. खण्डेलवाल, यूपी स्काउट अध्यक्ष डॉ. महेन्द्र सिंह, यूपी स्टेट चीफ कमिश्नर डॉ. प्रभात कुमार, एमए खालिद, श्री एसके बिस्वास, निदेशक श्रीमती दर्शना पावस्कर, श्री मधुसुदन एवं अन्य पदाधिकारी तथा अन्य राज्यों व राष्ट्रों के दल नेता उपस्थित रहे।

मेहमानों का स्वागत गार्ड ऑफ ऑनर के साथ किया गया। सभी अतिथियों को राज्य सचिव डॉ. पी.सी. जैन, श्री पूरण




सिंह शेखावत, श्री बन्ना लाल, सुश्री सुयश लोढ़ा एवं श्रीमती नीता शर्मा द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट किए तथा राजस्थानी साफा पहनाकर स्वागत किया गया।

वनस्थली विद्यापीठ, निवाई टोंक की गाइड्स ने लोक नृत्य, बाड़मेर व बालचर आवासीय विद्यालय के बच्चों ने नृत्य प्रस्तुत किये तथा पाली के बच्चों ने बेंड की अपनी मधुर धुनों से प्रांगण को गुंजायमान किया। प्रदेश की लोक धुनों के चुम्बकीय आकर्षण से सभी अतिथिगण अपने आप को रोक न सके और करतल ध्वनि से उनके मनोबल को बढ़ाया।

ढाल–तलवार के साथ महाराणा प्रताप की याद में शानदार प्रस्तुति ने सभी को हर्षित व गौरवान्वित कर खूब तालियां बटोरी। प्रदेश की जनजाति व आदिवासी लोकनृत्य का प्रदर्शन भी किया गया।

राजस्थान दिवस आयोजन में प्रत्येक प्रदेश के प्रतिनिधियों ने तथा राष्ट्रीय मुख्यालय के पदाधिकारियों ने सहभागिता की।

इसके पश्चात फूड प्लाज़ा में राजस्थानी व्यंजनों का सभी आगंतुकों ने लुत्फ उठाया। फूड प्लाज़ा में राजस्थान के आंचलिक खान–पान के विविध प्रकार के लगभग 100 से अधिक तीखे–खट्टे–मीठे व्यंजनों यथा दाल–बाटी–चूरमा, बीकानेरी भुजिया, गजक, कैर–सांगरी, बाजरे की रोटी–खीचड़ा, मक्का का दलिया व रोटी, गोंदपाक, गट्टे की सब्जी व पुलाव, खीर मोहन, खुरमानी, कत्त–बाफला, मावे की कचोरी, दाल की पकोड़ी, मिर्ची बड़ा आदि अनेक प्रकार के खान–पान का आगंतुकों ने रसास्वादन किया।

# समापन समारोह







ग्राण्ड फिनाले डायमंड जुबली एवं 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी का औपचारिक समापन समारोह 28 नवम्बर, 2025 को दोपहर 3 बजे भारत की महामहिम राष्ट्रपति माननीया श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के मुख्य आतिथ्य, उत्तरप्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल व उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विशिष्ट आतिथ्य, मुख्यमंत्री मिजोरम लालदुहोमा, उत्तरप्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य, बृजेश पाठक, भारत स्काउट व गाइड के अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार जैन, मुख्य राष्ट्रीय आयुक्त डॉ. के.के. खंडेलवाल, अध्यक्ष स्काउट गाइड संगठन–उत्तरप्रदेश डॉ. महेन्द्र सिंह, स्टेट चीफ कमिश्नर–उत्तरप्रदेश डॉ. प्रभात कुमार की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु को राजस्थान की कलर पार्टी ने सलामी दी तत्पश्चात खुली जीप में निरीक्षण किया। सभी राज्यों एवं ओवरसीज राष्ट्रों की परेड ने राष्ट्रपति को सलामी दी।

राष्ट्रपति ने इस अवसर पर कहा कि यह गर्व का विषय है कि पिछले 75 वर्षों से भारत स्काउट्स और गाइड्स युवाओं का मार्गदर्शन कर रहा है और उन्हें राष्ट्र–निर्माण में सक्रिय भागीदार बनने के लिए प्रेरित कर रहा है। उन्होंने रेखांकित किया कि सेवा की भावना स्काउट्स और गाइड्स की सबसे बड़ी ताकत है। चाहे बाढ़ हो, भूकंप हो या कोई महामारी, स्काउट्स और गाइड्स हमेशा सहायता के लिए सबसे आगे रहते हैं। इस संगठन की एक और विशेषता राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देना है। उन्होंने युवाओं को सशक्त, संवेदनशील और देश के भविष्य के लिए काम करने के लिए प्रतिबद्ध बनाने हेतु भारत स्काउट्स और गाइड्स की सराहना की।

राष्ट्रपति ने कहा कि भारत में 63 लाख से अधिक स्काउट्स और गाइड्स हैं, जो भारत स्काउट्स और गाइड्स को दुनिया के सबसे बड़े स्काउट्स और गाइड्स संगठनों में से एक बनाता है। उन्हें यह जानकर प्रसन्नता हुई कि इस संगठन से 24 लाख से अधिक लड़कियां जुड़ी हैं। उन्होंने अनुशासन, समर्पण और समाज व मानवता के कल्याण का मार्ग चुनने के लिए उन सभी लड़कियों की सराहना की।

राष्ट्रपति ने कहा कि स्काउट्स और गाइड्स का आदर्श वाक्य 'तैयार रहो' है। इसका मतलब है कि भविष्य में आने वाली किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने स्काउट्स और गाइड्स को सलाह दी कि वे दृढ़ संकल्प और आत्मविश्वास के साथ बिना किसी हिचकिचाहट के किसी भी चुनौती का सामना करने की क्षमता विकसित करें।

राष्ट्रपति ने कहा कि राष्ट्र के युवा इस देश के भविष्य के निर्माता होने के साथ–साथ इसकी महान सांस्कृतिक एवं सभ्यतागत परंपराओं के संरक्षक भी हैं। एक सशक्त और संवेदनशील व्यक्ति कई अन्य लोगों को सशक्त और संवेदनशील बना सकता है, ठीक वैसे ही जैसे एक दीपक कई अन्य दीपकों को जलाता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि युवा हमारे राष्ट्र के विकास के लिए खुद को समर्पित करेंगे।

डॉ. खण्डेलवाल ने पधारे हुए समस्त अतिथियों का शाब्दिक स्वागत करते हुए बताया कि जम्बूरी में यह पहला अवसर है जब इतने कम समय में उत्तरप्रदेश सरकार द्वारा बेहतरीन आयोजन किया है। डॉ. महेन्द्र सिंह ने गत 5 दिनों में आयोजित समस्त विशिष्ट कार्यक्रमों की जानकारी भी दी।

इस दौरान पधारे अतिथियों का प्रतीक चिन्ह देकर अभिनन्दन किया गया। समारोह में स्काउट गाइड संगठन के पदाधिकारी एवं अन्य राष्ट्रों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

समापन समारोह में ऐरिना में सभी प्रदेशों के संभागियों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया, तत्पश्चात् सभी प्रदेशों के स्काउट गाइड ने बैण्ड की अगुवाई में ध्वज को सलामी देते हुए मार्चपास्ट किया।

# राजस्थान को सर्वोच्च अवार्ड








**29** नवम्बर को 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ।

इस अवसर पर जम्बूरी में सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये राजस्थान को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 'चीफ नेशनल कमिश्नर ध्वजा' प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। राजस्थान ने स्काउट विभाग में प्रथम व गाइड विभाग में प्रथम स्थान के साथ समग्र प्रदर्शन में प्रथम स्थान के साथ अपना परचम फहराया।

राजस्थान के स्काउट गाइड ने प्रदेश की आन–बान–शान को कायम रखते हुए कड़ी मेहनत और बुलंद हौसलों के साथ प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया।

जम्बूरी में आयोजित विविध प्रकार की 21 प्रतियोगिताओं में से 20 में 'ए' ग्रेड तथा 01 प्रतियोगिता में 'बी' ग्रेड प्राप्त कर प्रथम स्थान की पताका अपने नाम की। राजस्थान के स्काउट गेट, गाइड गेट, केम्प क्राफ्ट, पायनियरिंग प्रोजेक्ट, बैण्ड, कलर पार्टी, शारीरिक प्रदर्शन, मार्चपास्ट, स्टेट एक्जीबिशन इत्यादि में 'ए' ग्रेड प्राप्त कर राष्ट्रीय जम्बूरी में अपने विजयी अभियान को जारी रखा।

राजस्थान की इस जीत पर प्रदेश संगठन के राज्य मुख्य आयुक्त श्री निरंजन आर्य ने प्रशंसा व्यक्त करते हुए सभी स्काउट गाइड को बधाई अर्पित करते हुए उनकी कड़ी मेहनत और जज्बे को इस जीत का फल बताते हुए कहा कि इस जीत ने प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है।

उल्लेखनीय है की राजस्थान 1998 से अब तक की आयोजित जम्बूरियों में सदैव अव्वल रहा है। 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी में प्राप्त अवार्ड व ग्रेड की सूचीः–

**( अ ) सर्वोच्च अवार्डः**

| | |
|---|---|
| नेशनल कमिश्नर शील्ड ( स्काउट विभाग ) | राजस्थान |
| नेशनल कमिश्नर शील्ड ( गाइड विभाग ) | राजस्थान |
| चीफ नेशनल कमिश्नर शील्ड व पताका | राजस्थान |

**( ब ) स्काउट एवं गाइड की विंगवार गतिविधियां एवं प्राप्त स्तरः**

| क्र.सं. | गतिविधि का नाम | स्काउट | गाइड |
|---|---|---|---|
| 1. | कैम्प क्राफ्ट | ए | ए |
| 2. | मार्च पास्ट | ए | ए |
| 3. | स्टेट गेट | ए | ए |
| 4. | स्काउट/गाइड कला प्रदर्शन | ए | ए |
| 5. | पायनियनिंग प्रोजेक्ट ( स्काउट ) | ए | - |
| 6. | रंगोली ( गाइड ) | - | ए |

**( स ) स्काउट एवं गाइड की संयुक्त गतिविधियां एवं प्राप्त स्तरः**

| क्र.सं. | गतिविधि का नाम | प्राप्त स्तर |
|---|---|---|
| 1. | कलर पार्टी | ए |
| 2. | लोकनृत्य | बी |
| 3. | झांकी प्रदर्शन | ए |
| 4. | एथनिक फैशन शॉ | ए |
| 5. | राज्य प्रदर्शनी | ए |
| 6. | फूड प्लाज़ा | ए |
| 7. | स्किल-ओ-रामा | ए |
| 8. | बैण्ड डिसप्ले | ए |
| 9. | व्यायाम प्रदर्शन | ए |
| 10. | पैट्रोल इन कौंसिल | ए |
| 11. | यूथ फोरम | ए |

# धन्यवाद बैज एवं सिल्वर एलीफेंट अवार्ड

19वीं राष्ट्रीय जंबूरी के दौरान 26 नवंबर को उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने लखनऊ स्थित राज भवन में राजस्थान के पदाधिकारियों को स्काउट गाइड संगठन का सर्वोच्च पदक 'सिल्वर एलीफेंट' अवार्ड एवं राजस्थान में 18 जम्बूरी का सफलतम आयोजन करने के उपलक्ष्य में स्टेट चीफ कमिश्नर श्री निरंजन आर्य को धन्यवाद बैज़ प्रदान किया, जो राजस्थान के लिए गौरव की बात है।



अवार्ड प्राप्त करने वालों में राजस्थान के पूर्व अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं पूर्व स्टेट चीफ कमिश्नर श्री जगदीश चंद्र महान्ति, भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी श्री शिव प्रसाद नकाते, श्री नमित मेहता, स्टेट कमिश्नर अधिवक्ता डॉ. अखिल शुक्ला एवं एसबीआई के श्री राजेश कुमार मिश्रा थे। इनमें से तीन पदाधिकारियों श्री जगदीश चन्द्र महान्ति, श्री शिवप्रसाद नकाते एवं डॉ. अखिल शुक्ला ने उपस्थित होकर अवार्ड प्राप्त किया। आप सभी के द्वारा राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड को उल्लेखनीय योगदान एवं सराहनीय सहयोग के लिए इस अवार्ड से नवाजा गया है।

# राज्य पदाधिकारियों का सान्निध्य



22 नवम्बर की प्रातः जब राजस्थान दल जम्बूरी स्थल पहुँचा तो एक सुनसान टेन्ट नगरी दिखलाई दी, जहाँ उत्तरप्रदेश और 3–4 राज्यों के स्काउट गाइड संगठन एवं राष्ट्रीय मुख्यालय के पदाधिकारी, ऑर्गेनाइजर्स व कार्यकर्ता तथा सर्विस रोवर–रेंजर के अलावा और कुछ भी नहीं था। बसावट के नाम पर कुछ टेण्ट ही आबाद थे। राजस्थान के 1700 से अधिक स्काउट गाइड व अन्य ने अपनी चिर परिचित शैली में तम्बुओं की सजावट व कैम्प क्राफ्ट से दोपहर तक जम्बूरी स्थल पर अपनी मौजूदगी का अहसास सभी को कराया। देखने वालों ने दूर से देखते ही अंदाजा लगा लिया कि राजस्थान का दल जम्बूरी स्थल पर आ गया है। चारों ओर लहराते रंग–बिरंगे झण्डे, रंगोली से चमचमाते आँगन और बाँस–रस्सी से बने हुए विविध प्रकार के क्राफ्ट राजस्थान को अलग पहचान देते हैं।

प्रदेश संभागियों के इस जज्बे और हौसलों को बनाये रखने के लिए प्रदेश संगठन के पूर्व स्टेट चीफ कमिश्नर श्री जे. सी. महान्ति, श्री शिवप्रसाद नकाते आईएएस, स्टेट कमिश्नर डॉ. अखिल शुक्ला, राज्य सचिव डॉ.पी.सी. जैन ने जम्बूरी स्थल पहुँच कर मार्गदर्शन प्रदान किया। शिविरार्थियों के रहन–सहन एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया व जम्बूरी स्थल का निरीक्षण किया। संभागियों से वार्ता कर सुविधाओं एवं जम्बूरी तैयारियों की जानकारी ली तथा राजस्थान दल को आवंटित स्थल पर दूर से नज़र आते झण्डों एवं राजस्थान के स्काउट व गाइड गेट के विहंगम दृश्य को अद्भुत बताया।



प्रदेश के संभागियों को मार्गदर्शन एवं शुभाशिर्वाद प्रदान करने प्रदेश के पदाधिकारियों के आगमन व उनके सान्निध्य से राजस्थान दल में ऊर्जा का संचार हुआ।




# विजेता दल का अभिनन्दन

**2** दिसम्बर को राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड के उपाध्यक्ष एवं राज्य सरकार के जल संसाधन मंत्री श्री सुरेश सिंह रावत ने अपने आवास पर उत्तरप्रदेश के लखनऊ में आयोजित 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी में सहभागिता कर लौटे प्रदेश के दल के राज्य स्तरीय पदाधिकारियों को आमंत्रित कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर श्री रावत ने जम्बूरी में राजस्थान दल द्वारा जीती हुए सर्वोच्च अवार्ड एवं पताकाओं का अवलोकन कर सभी पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई अर्पित की और राजस्थान का गौरव बढ़ाने के लिए साधुवाद दिया। श्री रावत ने अपने संबोधन में कहा कि राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड सदैव प्रदेश एवं संगठन को गौरवान्वित करता रहा है। भारत स्काउट व गाइड के सदस्यों का कार्य समाज एवं राष्ट्र की सेवा व समृद्धि को समर्पित रहा है

इस अवसर पर स्टेट कमिश्नर डॉ. अखिल शुक्ला, राज्य सचिव डॉ. पी.सी. जैन, राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट) श्री पूरण सिंह शेखावत, राज्य प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) श्री बन्ना लाल, सहायक राज्य संगठन आयुक्त (गाइड) श्रीमती नीता शर्मा, सहायक संपादक श्री नीरज जैन, सर्कल ऑर्गेनाइजर श्री एल.आर. शर्मा, श्री शरद कुमार शर्मा, सुश्री गगनदीप कौर, श्रीमती कृष्णा सैनी, श्री गोविन्द प्रसाद मीणा एवं राजस्थान बालचर आवासीय विद्यालय के शिक्षक अपने स्काउट्स एवं महात्मा गांधी बालिका इंग्लिश मीडियम विद्यालय वाटिका की अध्यापिका अपनी गाइड्स के साथ उपस्थित रहीं।

श्री शेखावत ने श्री रावत जी को जम्बूरी का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत करते हुए जम्बूरी में हुई प्रतियोगिताओं व गतिविधियों तथा जम्बूरी में महामहिम राष्ट्रपति, उत्तरप्रदेश की महामहिम राज्यपाल, उत्तरप्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री एवं अन्य मंत्रियों व गणमान्यजन की उपस्थिति से अवगत कराया।

## CELEBRATIONS DAYS : DECEMBER 2025 - JANUARY 2026

| | | |
|---|---|---|
| 01 December | : | World AIDS Day |
| 10 December | : | Human Rights Day |
| 15 December | : | Sardar Patel Jayanti |
| 16 December | : | Vijay Diwas |
| 20 December | : | International Human Solidarity Day |
| 24 December | : | National Consumer Day |
| 27 December | : | Guru Gobind Singh Jayanti |
| 10 January | : | World Hindi Day |
| 12 January | : | National Youth Day |
| 23 January | : | Subhash Chandra Bos Jayanti |
| 24 January | : | National Girl Child Day |
| 25 January | : | National Voters Day |
| 26 January | : | Republic Day |
| 30 January | : | Shahid Diwas (Gandhi ji) |

**Plan an activity with your unit on these days and send your success stories & photos to "scoutguidejyoti@gmail.com"**

# सांसद द्वारा हॉल का लोकार्पण



राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, सिरोही में सांसद कोष से निर्मित टीन शेड हॉल का 10 नवम्बर को जालोर–सिरोही सांसद लुम्बाराम चौधरी ने लोकार्पण किया।

इस अवसर पर सांसद चौधरी ने कहा कि स्काउट गाइड एक विश्वव्यापी संगठन है, जिसके माध्यम से बालक बालिकाएं अच्छे संस्कार प्राप्त करते हैं और उनमें देश सेवा का जज़्बा पैदा होता है। उन्होंने बताया कि वे स्वयं अपने बाल्यकाल में स्काउट गाइड से जुड़े रहे हैं और कैंपों में भाग लेकर बहुत कुछ सीखा है।

कार्यक्रम में सांसद का मुख्य गेट पर गार्ड ऑफ ऑनर, बैंड, कलर पार्टी, स्कार्फ, साफा एवं मोमेंटो भेंट कर स्वागत किया गया। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री गणपत सिंह, पूर्व सभापति तारा राम माली, पार्षद गीता देवी, नगर मंत्री चिराग रावल एवं राजू भाई का भी स्वागत किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत में सी.ओ. स्काउट एम.आर. वर्मा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए जिले में भारत स्काउट गाइड द्वारा आयोजित गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सिरोही जिले से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी स्काउट गाइड ने सहभागिता की है, और आगे भी अधिक से अधिक छात्र–छात्राओं को अंतरराष्ट्रीय गतिविधियों में शामिल कराने का प्रयास रहेगा।

इस अवसर पर जनजाति छात्रावास सिरोही की गाइड टीम ने स्वागत गीत और समूह नृत्य की रंगारंग प्रस्तुतियां दीं।

स्काउट गाइड जिला मुख्यालय को दिलीप कश्यप (वरिष्ठ स्काउटर) ने लेक्चर स्टैंड तथा मनछा राम मंडिया (सचिव, स्थानीय संघ सिरोही) ने तीन छत के पंखे भेंट किए। सांसद ने उन्हें स्कार्फ और मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में देवेन्द्र कुमार गर्ग, श्रीमती इंद्रा खंजी, मोहित दर्शन गुजार, जितेन्द्र कुमार, आमिर हसन, दृष्टि पांडे एवं रोवर रेंजर उपस्थित रहे।

# विधायक द्वारा कमरों का लोकार्पण




भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, सिरोही में विधायक मद से बने 6 कमरों का लोकार्पण 13 नवम्बर को पंचायती राज राज्यमंत्री ओटा राम देवासी के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर उपस्थित स्काउट गाइड व रोवर रेंजर को संबोधित करते हुए ओटा राम देवासी ने कहा कि स्काउट गाइड जीवन जीने की कला है इससे जुड़कर बालक बालिकाओं में अनुशासन एवं सेवा की भावना, बड़ों का आदर करना और टीम भावना से कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। राज्यमंत्री ने कहा की स्काउट मुख्यालय पर भौतिक सुविधाएं अब हो रही है इसके साथ ही मैं स्काउट गाइड जिला मुख्यालय सिरोही में दो कमरे और बनवाने के लिए 7 लाख रुपये की घोषणा और करता हूँ, जिससे जिले के स्काउट गाइड छात्र छात्राओं को प्रशिक्षण शिविरों के दौरान आवास की सुविधा मिलेगी।

अध्यक्षता करते हुए जिला प्रमुख सिरोही अर्जुन राम पुरोहित ने स्काउट गाइड मुख्यालय पर भौतिक सुविधाओं के लिए राशि प्रदान करने के लिए मंत्री महोदय व सांसद महोदय को धन्यवाद दिया।

सी.ओ. स्काउट एम.आर. वर्मा ने जिले में आयोजित गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और जिला मुख्यालय पर हुए विकास कार्यों के बारे में विस्तार से अवगत कराया।

अतिथियों का बधावा, गार्ड ऑफ ऑनर, कलर पार्टी और बैंड द्वारा स्वागत करते हुए मुख्य मंच तक लाया गया। विशिष्ट अतिथि जिला महामंत्री भाजपा गणपतसिंह राठौड़, पूर्व सभापति ताराराम माली, चिराग रावल मंडल अध्यक्ष गोपाल माली का भी स्काउट गाइड द्वारा स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि देवासी ने देव नारायण आवासीय विद्यालय की 5 गाइड्स को स्काउट गाइड जिला मुख्यालय द्वारा निःशुल्क स्काउट गाइड पोशाक दी।

इस अवसर पर ईश्वर लाल पुरोहित अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा, जब्बर सिंह राव मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी शिवगंज, घनश्याम सिंह मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रेवदर, अमृतलाल माली, सन्तोष आर्य, हीरा खत्री, मनसा राम, जोगाराम सोलंकी, बाबूलाल सैनी, प्रतापराम प्रजापत, कमल किशोर पुरोहित, लीडर स्काउट देवेंद्र गर्ग, दिगंबर सिंह चौधरी, प्रकाश पूरी तोला, किशन लाल देवासी, मोहित अग्रवाल, रोहित कुमार, जितेन्द्र कुमार, दृष्टि पांडे, कोमल कुमारी आदि ने उपस्थित रहकर कार्यक्रम में विशेष सहयोग प्रदान किया।

# गतिविधि दर्पण

## बीकानेर मण्डल

❖ झुंझुनू जिले में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती अवसर पर राष्ट्र की एकता एवं अखंडता तथा सुरक्षा को बनाए रखने हेतु, एक भारत आत्म निर्भर भारत की भावना के साथ जिला स्तरीय यूनिटी मार्च पदयात्रा नेहरू पार्क से गांधी पार्क तक आयोजित की गई। एकता मार्च का प्रारंभ राष्ट्रगान की धुन को बैंड प्रदर्शन के माध्यम से प्रदर्शित करते हुए किया गया



तत्पश्चात एकता मार्च को जिला कलक्टर डॉ.अरुण गर्ग एवं विधायक राजेंद्र भांबू ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला स्तरीय पदयात्रा विभिन्न मार्गों से होती हुई गांधी पार्क पहुंची, जहां पर जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने जिला कलक्टर डॉ. अरुण गर्ग एवं विधायक राजेंद्र भांबू के नेतृत्व में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया। इस अवसर पर देश की एकता, अखंडता तथा आंतरिक सुरक्षा को बनाए रखने हेतु जिला कलक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने शपथ दिलाई तथा झुंझुनू विधायक राजेंद्र भांबू ने भारत देश में स्वदेशी का भाव हो, स्वदेशी वस्तुओं का अधिकाधिक उपयोग किया जाए, इस हेतु आत्मनिर्भर भारत, श्रेष्ठ भारत की शपथ दिलाई। पदयात्रा के दौरान लिटिल फ्लावर स्कूल के छात्र–छात्राओं ने बैंड प्रदर्शन के माध्यम से आमजन का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। सी.ओ. स्काउट महेश कालावत ने बताया कि जिला स्तरीय पदयात्रा कार्यक्रम में उपस्थित संभागियों, पदाधिकारी, अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों ने भारत माता की जय, सरदार वल्लभभाई पटेल अमर रहे एवं वंदे मातरम का जय घोष करते हुए आकाश को गुंजायमान किया। इस दौरान नगर परिषद द्वारा दो हजार कपड़े के बैगों का वितरण किया गया।

❖ भारत स्काउट व गाइड, चूरू के तत्वावधान में जिला स्तरीय राज्य पुरस्कार स्काउट गाइड रोवर रेंजर अनुशंसा शिविर का आयोजन स्काउट व गाइड जिला मुख्यालय चूरू पर किया गया। शिविर में चूरू जिले के 212 स्काउट, 80 गाइड, 21



रोवर एवं 13 रेंजर ने भाग लिया। सी.ओ. स्काउट महीपाल सिंह तंवर ने बताया कि चार दिवसीय शिविर में स्काउट गाइड के विभिन्न कौशल जैसे पायनियरिंग, फर्स्ट एड, मेपिंग, एस्टीमेशन, सिग्नलिंग, स्काउट आंदोलन का इतिहास, परिभाषा, उद्देश्य, सिद्धांत आदि विषयों की जांच के साथ ही साथ स्काउट की ओर से समाज सेवा व सामुदायिक विकास परियोजनाओं के तहत किए गए कार्यों का मूल्यांकन किया गया। शिविर में मुख्य परीक्षक स्काउट में भरतपुर से बलराज सिंह, गाइड में झुंझुनूं से अनिता कटेवा, रोवर में महिपाल सिंह तंवर, रेंजर में गाइड सी.ओ. सुभिता महला के नेतृत्व में नरेश कुमार राय, रज्जाक खान, सत्यनारायण स्वामी, ओमप्रकाश कस्वा, गोपाललाल बैरवा, मनीराम स्वामी, विजय कुमार स्वामी, विमल कुमार शर्मा, किरण भाटी, घनश्याम स्वामी, समय सिंह मीणा, मनोज कुमार तंवर, तारूराम सरीज नारनोलिया, कृष्णा प्रजापत, कुसुम शर्मा, प्रेमलता, चेतना कालेरा आदि ने स्काउट्स गाइड्स की जांच व मूल्यांकन किया।

❖ झुंझुनू में राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने अवसर पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस क्रम में राजकीय बीडीके अस्पताल में आयोजित रक्तदान शिविर में महेश कालावत सी.ओ. स्काउट ने एवं स्काउट टीचर्स ने रक्तदान किया। इस अवसर पर जिला कलक्टर डॉ. अरुण गर्ग, जिला प्रमुख श्रीमती हर्षिनी कुलहरी ने सभी रक्तदाताओं की हौसला अफजाई की।



- झुंझुनू जिले के सी.ओ. स्काउट महेश कालावत ने बताया कि जिला कलक्टर डॉ. अरुण गर्ग के मुख्य आतिथ्य में जिला कलक्टर सभागार में वंदे मातरम राष्ट्रगीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी लखनऊ उत्तर प्रदेश में भाग



लेने जाने वाले स्काउट्स गाइड्स एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों के द्वारा वंदे मातरम राष्ट्रगीत का गायन किया गया। इस अवसर पर जिला कलक्टर ने 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी लखनऊ में जाने वाले सभी स्काउट गाइड को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि झुंझुनू जिले की गौरवशाली परंपरा को कायम रखकर राष्ट्र में जिले का नाम रोशन करेंगे।

- भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, झुंझुनू के तत्वावधान में जिला स्तरीय सामुदायिक विकास सेमिनार का आयोजन स्काउट गाइड कार्यालय परिसर में किया गया। सी.ओ. स्काउट महेश कालावत ने बताया कि इस अवसर पर विभिन्न स्थानीय संघ के सचिव, स्काउटर, गाइडर, रोवर्स, रेंजर्स, स्काउट्स, गाइड्स उपस्थित रहे। इन्हें प्रधानमंत्री शील्ड प्रतियोगिता एवं उपराष्ट्रपति अवार्ड प्रतियोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर लीडर ट्रेनर रामावतार सबलानिया ने समुदाय एवं स्काउटिंग विषय की महत्वता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें समुदाय के बीच रहकर समाज सेवा के कार्यों को करना चाहिए ताकि समाज से निरंतर जुड़ाव रहे। इस दौरान पूर्व सहायक राज्य संगठन आयुक्त मान महेंद्र सिंह भाटी ने प्रधानमंत्री शील्ड एवं उपराष्ट्रपति अवार्ड प्रतियोगिता के बारे में विशेष जानकारी दी। सेमिनार के दौरान स्थानीय संघ सचिव खेतड़ी जितेंद्र कुमार ने



सभी से निवेदन किया कि हमें सामुदायिक विकास सेवा के विभिन्न प्रकल्पों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। सी.ओ. गाइड प्रियंका कुमारी ने सभी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि सामुदायिक विकास कार्यक्रम राष्ट्रपति अवार्ड एवं राज्य पुरस्कार पाठ्यक्रम का हिस्सा है। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ।

## जयपुर मण्डल

- भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, दौसा के तत्वावधान में जिला स्तरीय राज्य पुरस्कार स्काउट गाइड व रेंजर अभिषंशा शिविर जिला प्रशिक्षण केंद्र गुप्तेश्वर रोड़ दौसा पर आयोजित किया गया। सी.ओ गाइड सुश्री  निरमा मीणा ने



बताया कि शिविर में स्काउट राज्य पुरस्कार शिविर संचालक श्री छगन लाल, गाइड राज्य पुरस्कार संचालक श्रीमती बसंती शर्मा और रेंजर राज्य पुरस्कार संचालक सी.ओ. गाइड सुश्री निरमा मीणा के निर्देशन में लिखित व मौखिक परीक्षा ली गई। सी.ओ. स्काउट प्रदीप सिंह ने राज्य पुरस्कार बाबत बताया।

- भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, सीकर के तत्वावधान में स्काउट गाइड प्रशिक्षण केंद्र हंसनला स्थानीय संघ नीम का थाना में जिला स्तरीय राज्य पुरस्कार स्काउट अभिशंषा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में स्थानीय संघ नीम का थाना, अजीतगढ़, पाटन, खंडेला, थोई और रींगस के 156 स्काउट व स्टाफ सदस्य के रूप में सम्मिलित हुए। शिविर संचालक बसंत कुमार लाटा, मुख्य परीक्षक शेर सिंह चौधरी जिला अलवर, दिनेश कुमार शर्मा सचिव नीम का थाना, सुवालाल कुमावत



सचिव थोई, महेश कुमार योगी सचिव पाटन, भंवर लाल मीणा, कैलाश चंद्र शर्मा, राधेश्याम शर्मा, बसंतीलाल सैनी, धनंजय जांगिड़, लखन बावरिया, राम प्रसाद भास्कर ने सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर स्काउट की विभिन्न प्रकार की जांचें की गई। मुख्य रूप से नियम, प्रतिज्ञा, ध्वज गीत, प्रार्थना, झंडा गीत, राष्ट्रगान, प्राथमिक सहायता, गांठे, लेसिंग, शिविर लीडरशिप, विभिन्न ध्वजों व दक्षताओं की जानकारी, विभिन्न दक्षता बैज, सामुदायिक सेवा, समाज सेवा इत्यादि की जांच की गई।

❖ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, नयासरना, नीमराना, कोटपूतली में वन्दे मातरम प्रोग्राम के दौरान विद्यालय की



गाइड्स द्वारा अनेक गतिविधियां आयोजित की गई। इस अवसर पर गाइड्स द्वारा विद्यालय की पानी की टंकी तथा पक्षियों के लिए बांधे गए परिण्डों की सफाई भी की गई।

## जोधपुर मण्डल

❖ भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, सिरोही द्वारा आयोजित राज्य पुरस्कार रोवर रेंजर प्रशिक्षण शिविर 10 नवम्बर को संपन्न हुआ। सी.ओ. स्काउट एम.आर. वर्मा ने बताया कि इस राज्य पुरस्कार रोवर रेंजर अभिशंसा शिविर में राजकीय महाविद्यालय शिवगंज, राजकीय महिला महाविद्यालय सिरोही, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पिण्डवाड़ा, पीएम श्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय पिण्डवाड़ा से 39 रोवर रेंजर सम्मिलित हुए। इस अवसर पर देवेन्द्र कुमार गर्ग, श्रीमती इंद्रा खत्री, मोहित



अग्रवाल, दृष्टि पाण्डे, सुमित्रा कुमारी, दर्शन परमार, राजेंद्र कुमार मीना, जितेंद्र कुमार, सिद्धार्थ रावल, मयंक शर्मा, सुभाष कुमार, विनोद कुमार, अनिल कुमार, रंजीत, रोहित कुमार मेघवाल, दुर्गा कुमारी, मिनाक्षी कुमारी, जिनल कुमारी, दीपिका कुमारी, हिमांशी, रिंकू कुमारी, रोशनी कुमारी, तमन्ना कुँवर, दुर्गा कुमारी परिहार, मनीषा धनराज, सोनल राव, गुनगुन मेरठिया, हिमांशी त्रिपाठी, बैना कुमारी, विशना कुमारी, निकिता कुंवर एवं अन्य रोवर रेंजर उपस्थित थे।

❖ भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, बाड़मेर के तत्वावधान में डाइट बाड़मेर में राज्य पुरस्कार गाइड अभिषंशा शिविर आयोजित हुआ। चार दिवसीय शिविर में मुख्य परीक्षक सारिका गहलोत ने ध्वजारोहण करवाकर शिविर शुरू किया। योगेंद्रसिंह राठौड़ ने बताया कि राज्य पुरस्कार जांच शिविर में



बाड़मेर व बालोतरा जिले से 142 गाइड तथा 43 रेंजर सहित कुल 185 ने भाग लिया। शिविर में गाइड प्रवेश से राज्य पुरस्कार तक के शिविर कला, प्राथमिक सहायता, पायनियरिंग, आपदा प्रबंधन सहित 20 विषयों की परीक्षा ली गई। इस परीक्षा में उतीर्ण गाइड रेंजर को राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। शिविर में रेंजर विभाग का संचालन कृतिका पाराशर ने किया व रेंजर लीडर लक्ष्मी चौधरी, केशी बाई तथा गाइड विभाग में सीता देवी, मीरा, कुमारी शान्ति, देवी बाई, मीना कुमारी, मानी, सुरेश और विष्णु दत्त ने सेवाएं दी।

❖ बाड़मेर जिला मुख्यालय के तत्वावधान में डाइट बाड़मेर में राज्य पुरस्कार स्काउट बालचरों का अभिषंशा शिविर आयोजित हुआ। चार दिवसीय शिविर के मुख्य परीक्षक



हीरानाथ गोस्वामी ने ध्वजारोहण करवाकर शिविर शुरू किया। मुख्य परीक्षक तथा बाड़मेर जिले के सी.ओ. स्काउट योगेंद्रसिंह राठौड़ ने बताया कि भारत युवा देश है और स्काउटिंग के माध्यम से युवा कौशल युक्त जीवन जीकर राष्ट्रनिर्माण में उपयोगी भूमिका निभा सकते हैं। राज्य पुरस्कार जांच शिविर में बाड़मेर जिले से 199 स्काउट तथा 32 रोवर सहित कुल 231 बालचर ने भाग लिया। स्काउट प्रवेश से राज्य पुरस्कार तक के 20 विषयों की परीक्षा ली गई। शिविर में परीक्षक ए.टी. डूंगरा राम जाखड़, एएलटी गोपाल गर्ग, डॉ आदर्श किशोर जाणी, रुगनाथ राम, अर्जुन राम, धर्मेन्द्र, खुमा राम चौधरी, सोम दान चारण, शैतानसिंह भाटी, सोहन लाल, हसन खान, विष्णु दत्त ने सेवाएं प्रदान की।

❖ भारत स्काउट व गाइड, स्थानीय संघ, चौहटन (बाड़मेर) का टोली नायक द्वितीय व तृतीय सोपान प्रशिक्षण एवं जांच शिविर का 4 नवम्बर को पीएम श्री विद्यालय के प्रधानाचार्य खूमाराम सेंवर के मुख्यातिथ्य में उद्घाटन किया गया। शिविर संचालक डूंगरा राम जाखड़ एलटी (स्काउट) ने बताया कि 20 विद्यालयों के 313 स्काउट्स एवं गाइड्स ने भाग लिया। शिविर संचालक



डूंगरा राम जाखड़ ने अतिथियों का स्वागत करते हुए स्काउट्स को अनुशासित जीवन जीने की प्रेरणा दी। सहायक शिविर संचालक गोपाल गर्ग एएलटी (स्काउट), स्वतंत्र परीक्षक इंद्र सिंह राजपुरोहित रड़वा हिमालय वुड बैज, स्थानीय संघ के सचिव धर्मेंद्र हुडा, ट्रेनिंग काउंसलर रुगनाथ राम वाघेला, हसन खान, भारू राम, भैराराम, अचल सिंह, खेमी, लक्ष्मी, विजया मेहलावत द्वारा स्काउट्स को पायनियरिंग, कैंप क्राफ्ट, नियम, प्रतिज्ञा, विशिल के संकेत, हाथों के संकेत का ज्ञान देने पश्चात उनकी परीक्षा ली गई।

## कोटा मण्डल

❖ भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, झालावाड़ द्वारा आयोजित स्काउट मास्टर कब मास्टर बेसिक कोर्स प्रशिक्षण शिविर के चतुर्थ दिवस 10 नवम्बर को जिला कलक्टर, जिला पुलिस अधीक्षक एवं मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी ने शिविर का निरीक्षण किया। जिला कलक्टर यूनिटी मार्च के समापन



समारोह में मुख्यालय पर पहुंचे थे। कार्यक्रम की शुरुआत में जिला ट्रेनिंग कमिश्नर कृष्ण मोहन देवड़ा ने स्कार्फ पहनाकर स्काउट रीति से अतिथियों का स्वागत किया। शिविर संचालक यादराम तथा मुकुट बिहारी गुप्ता ने दोनों शिविरों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। तत्पश्चात जिला कलक्टर ने अपने उद्बोधन में संभागियों के अनुभव सुनते हुए कहा कि स्काउटिंग जीवन जीने की कला सिखाती है। सभी शिक्षक अपने अपने विद्यालयों में जाकर इस गतिविधि का प्रसार करें। इस दौरान कृष्ण मोहन देवड़ा अध्यक्ष प्रेरणा जनकल्याण समिति झालावाड़ व लीडर ट्रेनर ने नशे के दुष्परिणाम बताते हुए नशा न करने की प्रतिज्ञा दिलाई और गीतों के माध्यम से प्रेरित किया। अंत में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला मुख्यायुक्त (स्काउट) कोटा ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान स्थानीय संघ सचिव हेमंत चौरसिया, चौथमल, हरिओम लोधा, सुरेंद्र कुमार, नंदकिशोर महावर, भीकम सिंह, श्यामसुंदर गुप्ता आदि दक्ष प्रशिक्षक मौजूद रहे।

## उदयपुर मण्डल

❖ भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, राजसमंद के तत्वावधान में जिला मुख्यालय राजसमन्द पर गाइड यूनिट लीडर एवं फ्लॉक लीडर बेसिक शिविर के समापन समारोह में स्काउट व गाइड जिला प्रधान मानसिंह बाहरठ ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर संभागियों से कहा कि "स्काउटिंग विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है" तथा बताया कि स्काउट गतिविधियों से जुड़कर विद्यार्थी न केवल शैक्षणिक बल्कि सह–शैक्षणिक क्षेत्रों में भी उत्कृष्ट



प्रदर्शन कर सकता है। सी.ओ. स्काउट सुनील कुमार सोनी ने बताया कि शिविर के दौरान प्राथमिक सहायता, आपदा प्रबंधन, वन्दे मातरम की 150वीं वर्षगांठ, यूनिटी मार्च, बुलबुल बड़ी सलामी, कैम्प फायर, प्रधानमंत्री शील्ड अवार्ड, सामुदायिक सेवा प्रोजेक्ट कार्य का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। शिविर संचालिका दया मेघानी लीडर ट्रेनर, शीला पोखरना, उर्मिला पुरोहित, निर्मला धोबी, पार्वती माली, फरजाना छीपा, सपना आचार्य, शारदा खटीक, चेतन बैरवा ने सहयोग प्रदान किया।

❖ भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, राजसमन्द के तत्वावधान में स्काउट मास्टर व कब मास्टर बेसिक कोर्स के अन्तर्गत प्रकृति की वादियों में रामेश्वर महादेव जैसे आध्यात्मिक स्थान पर स्काउटर्स ने जिलाधीश अरूण कुमार हसीजा के आदेशनुसार प्रशिक्षण प्राप्त किया। सी.ओ.स्काउट सुनील कुमार सोनी ने बताया की 31 अक्टूबर से 6 नवम्बर तक आयोजित स्काउट मास्टर व कब मास्टर बेसिक कोर्स में राजसमन्द जिले की विभिन्न राजकीय उच्च प्राथमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। स्थानीय संघ राजसमन्द के सचिव धर्मेन्द्र गुर्जर अनोखा ने



बताया की इस प्रशिक्षण शिविर में दो शिविर स्काउट के व एक शिविर कब मास्टर का संचालित किया गया है, जिसमें प्रथम शिविर के शिविर संचालक के रूप में राधेश्याम शर्मा ए.एल.टी भीलवाडा व द्वितीय शिविर संचालक के रूप में जिला प्रशिक्षण आयुक्त राकेश टांक व कब सैक्शन में कर्मा राम ए.एल.टी ने संम्भागियों को प्रशिक्षण दिया। संचालक दल मण्डल में स्थानीय संघ सचिव देवगढ रामसिंह चौहान, श्याम सुन्दर जीनगर, सर्वेश्वर बरडवाल, माधव लाल जटिया, रोशन लाल रेगर वरिष्ठ स्काउटर ने अपनी सराहनीय सेवाएं प्रदान की। सर्विस रोवर के रूप में एस.आर.के.कॉलेज राजसमन्द, एस.एम. बी. कालेज नाथद्वारा के हीरा लाल रेगरी, अर्जुन सुथार, माधव पालीवाल व दीपक गुर्जर ने अपनी सेवाएं प्रदान की। शिविर में सम्भागियों को पी.एम.शील्ड प्रतियोगिता की जानकारी के साथ नियम, प्रार्थना, प्रतिज्ञा, झण्डा गीत, ध्वज शिष्टाचार, दक्षता बैज, बी.पी.सिक्स व्यायाम, पायनियरिंग, गांठे, लेसिंग, दिशा ज्ञान, अनुमान लगाना, प्राथमिक चिकित्सा, खेल, निनाद, विभिन्न कीम गेम, निरीक्षण प्रकिया, ले आउट, विभिन्न प्रकार के झण्डों की जानकारी, पोशाक की जानकारी, सैल्युट, आदर्श वाक्य, चिन्ह, ग्रुप निरीक्षण, ग्रुप अवलोकन प्रपत्र आदि की जानकारी दक्ष प्रशिक्षकों द्वारा दी गई। 4 नवम्बर को सम्भागियों की एक दिवसीय पिकनिक का आयोजन डोलेश्वर महादेव किया गया जहॉ सम्भागियों ने खोज के चिन्हों के माध्यम से निर्धारित स्थान पर पहुँच अपना आत्मविश्वास जगाया एवं गीतों के माध्यम से आनन्ददायी वातावरण का निर्माण किया।

❖ भारत स्काउट व गाइड, स्थानीय संघ, उदयपुर के तत्वावधान में स्थानीय संघ उदयपुर के स्काउट एवं गाइड के लिए द्वितीय सोपान एवं तृतीय सोपान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 1 से 5 नवंबर 2025 तक द विजन एकेडमी स्कूल (ए यूनिट ऑफ आरएमवी), उदयपुर में किया गया। यह शिविर जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक), उदयपुर के निर्देशानुसार स्थानीय संघ उदयपुर के सचिव श्री सेम्युल फ्रांसिस के कुशल नेतृत्व में प्रारंभ हुआ। उद्घाटन सत्र में उत्साह और अनुशासन का अद्भुत संगम देखने को मिला, जहाँ सभी प्रतिभागियों ने स्काउटिंग की भावना के साथ भागीदारी निभाई। शिविर का



शुभारंभ विधिवत ध्वजारोहण समारोह से हुआ, जिसका संचालन स्काउट मास्टर उमेश चंद्र पुरोहित, भगवती लाल पालीवाल, सुनील पालीवाल, जगदीश मेघवाल तथा विपिन के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। गाइडर दल से शिप्रा चतुर्वेदी, साधना अग्रवाल, शालिनी आजाद, कौशल्या पुरबिया, सिदिका, भावना पुरोहित, सिद्दीकी एजाज एवं आकृति सोलंकी ने सक्रिय योगदान दिया। इस प्रशिक्षण शिविर में विशेष रूप से रोवर स्काउट्स विशाल गुप्ता, वीरेंद्र और निखिल साहू ने मुख्य भूमिका निभाई। शिविर की संपूर्ण व्यवस्था, अनुशासन, गतिविधियों के संचालन, प्रतिभागियों के समन्वय तथा कार्यक्रमों की रूपरेखा में इन रोवर्स ने उत्कृष्ट नेतृत्व कौशल का परिचय दिया। इस पाँच दिवसीय शिविर में 10 से अधिक विद्यालयों के लगभग 250 स्काउट्स एवं गाइड्स ने भाग लिया, जिन्होंने पूरे उत्साह, जोश और सेवा भाव के साथ स्काउटिंग के सिद्धांतों को आत्मसात किया।

# स्काउट गाइड स्थापना दिवस

## 07 नवम्बर 2025 : फ्लैग स्टीकर विमोचन

### अजमेर मण्डल

❖ अजमेर जिले में भारत स्काउट व गाइड के स्थापना दिवस आयोजन पर एडीएम सिटी श्री नरेन्द्र मीणा ने फ्लैग स्टीकर



का विमोचन कर सभी को बधाई दी। इस अवसर पर स्थानीय स्काउट गाइड कार्यकर्ता उपस्थित थे।

❖ नागौर जिले में भारत स्काउट व गाइड के स्थापना दिवस आयोजन पर फ्लैग स्टीकर का विमोचन जिला कलक्टर नागौर श्री अरुण कुमार पुरोहित, जिला पुलिस अधीक्षक श्री मुर्दल कच्छावा द्वारा किया गया। इस अवसर पर स्थानीय संघ सचिव



नागौर श्री राजेश देवड़ा, स्थानीय संघ सचिव मारवाड़ मुंडवा श्री गजेंद्र गेपाला, स्थानीय संघ सचिव खींवसर श्री सुरेन्द्र जाजड़ा व गोगेलाव के स्काउट्स उपस्थित थे।

### भरतपुर मण्डल

❖ भारत स्काउट गाइड, मंडल मुख्यालय, भरतपुर द्वारा स्टिकर का विमोचन माननीय केंद्रीय मंत्री श्री सुरेश रावत जी, जिला कलक्टर भरतपुर श्री कमर उर जमन चौधरी, संभागीय आयुक्त श्रीमती टीना डाबी के कर कमलों द्वारा करवाया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी श्री अमित कुमार शर्मा, सहायक राज्य संगठन



आयुक्त श्री गिर्राज प्रसाद गर्ग उपस्थित रहे।

❖ भारत स्काउट गाइड स्थापना दिवस पर सवाई माधोपुर में जिला कलक्टर श्री कानाराम द्वारा फ्लैग स्टीकर का विमोचन



किया गया। जिला कलक्टर ने इस अवसर पर सभी को भारत स्काउट व गाइड के स्थापना दिवस की बधाई दी।

### बीकानेर मण्डल

❖ बीकानेर में भारत स्काउट व गाइड का 75 वां स्थापना दिवस चिकित्सा मंत्री राजस्थान सरकार श्रीमान गजेंद्र सिंह खींवसर के कर कमलों से स्काउट गाइड (स्टीकर) का विमोचन करवाकर समारोह मनाया गया। इस अवसर पर जिला कलक्टर नम्रता वृष्णि एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी



उपस्थिति थे। रामजस लिखाला सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट) बीकानेर के निर्देशन में स्टीकर विमोचन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जसवंत सिंह राजपुरोहित सी. ओ. स्काउट एवं मीनाक्षी भाटी सी.ओ. गाइड के नेतृत्व में स्काउटर गाइडर, स्काउट गाइड एवं रोवर रेंजर ने रैली निकालकर आमजन को स्टिकर लगाकर 10 रूपए का आर्थिक सहयोग लिया।

❖ झुंझुनू में भारत स्काउट व गाइड के स्थापना दिवस के अवसर पर जिला कलक्टर डॉ. अरुण गर्ग के मुख्य आतिथ्य एवं मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं मुख्य जिला आयुक्त जयदीप झाझडिया तथा जिला कमिश्नर एवं जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा राजेश मील के विशिष्ट आतिथ्य में भारत स्काउट गाइड स्थापना दिवस कार्यक्रम जिला कलक्टर सभागार में आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला कलक्टर ने स्काउट गाइड स्टिकर का विमोचन किया। सी.ओ. स्काउट महेश कालावत एवं सी.ओ. गाइड प्रियंका कुमारी ने



जिला कलक्टर एवं शिक्षा अधिकारियों को स्काउट स्टीकर लगाकर आर्थिक सहयोग प्राप्त किया। इस दौरान जिला कलक्टर ने उपस्थित स्काउट्स, गाइड्स एवं स्काउट अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्काउट गाइड संगठन सेवा का पर्याय है, हमें प्रत्येक कार्य को पूर्ण निष्ठा एवं बिना किसी स्वार्थ के करना चाहिए। निःस्वार्थ भाव से किया गया कार्य निश्चित रूप से सकारात्मक ऊर्जा एवं सकारात्मक सोच प्रदान करता है। जिला कलक्टर ने कहा कि हम अपने जीवन में श्रेष्ठ करें, बेस्ट करें एवं अपने आप को वातावरण के अनुसार एडजस्ट करें। इस अवसर पर उपनिदेशक महिला अधिकारिता विभाग विप्लव न्योला, पूर्व सहायक राज्य संगठन आयुक्त मानमहेंद्र सिंह भाटी, एडल्ट रिसोर्स कमिश्नर प्रहलाद राय जांगिड़, हैडक्वार्टर कमिश्नर रामावतार सबलानिया, झुंझुनू सचिव बंसीलाल, चिड़ावा सचिव महेंद्र सिंह, पिलानी सहायक सचिव मनोज शर्मा, सूरजगढ़ सचिव महेश सैनी, अलसीसर सचिव रामचंद्र मीणा, खेतड़ी सचिव जितेंद्र कुमार, मंडावा सचिव जयचंद भढ़िया, गुढ़ा गोड़जी सचिव मनोहर लाल रणवा, चिड़ावा कोषाध्यक्ष निरंजन लाल शर्मा, अलसीसर सहायक सचिव महेश कुमार, मान नगर सहायक सचिव विजय गर्वा, स्काउट मास्टर रौनक वर्मा, कविराज एवं गाइड कैप्टन पदमा सिंह सहित सैकड़ो स्काउट गाइड्स रोवर रेंजर उपस्थित रहे।

❖ चूरू जिले में भारत स्काउट व गाइड के स्थापना दिवस आयोजन पर जिला कलक्टर चूरू श्री अभिषेक सुराणा ने अपने कर कमलों से स्टीकर विमोचन किया। इस अवसर पर मुख्य



जिला शिक्षा अधिकारी श्री गोविंद सिंह राठौड़ भी उपस्थित थे।

## जयपुर मण्डल

❖ भारत स्काउट व गाइड के स्थापना दिवस 7 नवम्बर को जयपुर जिला कलक्टर डॉ. जितेंद्र सोनी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर श्री आशीष शर्मा द्वारा फ्लैग स्टीकर का विमोचन कराया गया। इस अवसर पर सहायक राज्य संगठन आयुक्त (गाइड) नीता शर्मा सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट) दामोदर प्रसाद



शर्मा तथा सी.ओ. स्काउट शरद शर्मा, सी.ओ. गाइड इंदु तवर, स्काउटर प्यारेलाल महला, के.के. शर्मा, ललित प्रजापत, रोवर रेंजर्स वंशिका पारीक, प्रियंका कुमारी आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र सोनी ने बधाई देते हुए सभी को शुभकामनाएं प्रेषित की।

❖ भारत स्काउट व गाइड, जिला मुख्यालय, सीकर के तत्वावधान में भारत स्काउट व गाइड का स्थापना दिवस डायमंड जुबली वर्ष के रूप में जिले भर में विभिन्न स्थानीय संघ मुख्यालय एवं स्काउट गाइड ग्रुप स्तर पर समारोह पूर्वक मनाया गया।



कार्यक्रम के तहत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय सीकर द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। उसके बाद फ्लैग स्टीकर का विमोचन मुकुल शर्मा जिला कलक्टर सीकर, सुभाष मील विधायक खंडेला, रतनलाल जलधारी पूर्व विधायक सीकर, मनोज बाटड जिला अध्यक्ष सीकर, रतनलाल स्वामी अतिरिक्त जिला कलक्टर, मुकेश कुमार जैन मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, सुरेंद्र सिंह शेखावत जिला शिक्षा अधिकारी प्राथमिक शिक्षा, बाबूलाल गुर्जर अध्यक्ष जिला परिषद स्काउट गाइड सीकर, रामचंद्र सिंह बगड़िया अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी, राजपाल सिंह यादव सीईओ जिला परिषद सीकर, जगदीश प्रसाद गौड़ सचिव यूआईटी सीकर, विक्रम सिंह शेखावत अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी, राकेश लाटा, हरिराम रणवा प्रधान स्थानीय संघ शिवसिंहपुरा अन्य पदाधिकारीकरण एवं गणमान्य जन प्रतिनिधियों, अधिकारियों द्वारा किया गया। उपस्थित प्रशासनिक अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने स्काउट गाइड को स्टीकर प्राप्त कर आर्थिक सहयोग प्रदान किया। स्काउट गाइड जिला मुख्यालय सीकर पर भी स्काउट गाइड द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर अभय सिंह शेखावत लीडर ट्रेनर स्काउट, रामलाल चौधरी सचिव, सुवालाल कुमावत सचिव, किशन लाल सियाक सचिव शिवसिंहपुरा, ओम प्रकाश पारीक व स्काउट गाइड रोवर उपस्थित रहे।

❖ दौसा जिले में भारत स्काउट व गाइड के स्थापना दिवस आयोजन पर एडीएम दौसा श्री अरविंद शर्मा, एडीएम लालसोट श्री मनमोहन मीणा, एसडीएम श्री मूलचंद, आई.पी.एस. श्री हिमांशु के द्वारा स्टीकर विमोचन किया गया।



## जोधपुर मण्डल

❖ जोधपुर जिले में भारत स्काउट व गाइड के स्थापना दिवस आयोजन पर फ्लैग स्टीकर बिक्री योजना का शुभारंभ करते हुए विधायक देवेंद्र जी जोशी, संभागीय आयुक्त डॉ प्रतिभा सिंह, जिला कलक्टर गौरव अग्रवाल, जोधपुर पूर्व सांसद एवं जीव जंतु कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष जसवंत सिंह बिश्नोई, मुख्य



कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद जोधपुर आशीष कुमार मिश्रा एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने स्टीकर का विमोचन किया। इस अवसर पर कार्यवाहक सहायक राज्य संगठन आयुक्त जोधपुर एवं सी.ओ. गाइड जोधपुर उपस्थित रहे।

❖ जालोर जिले में स्काउट गाइड फ्लैग स्टिकर का जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गवांडे द्वारा विमोचन किया गया। इस अवसर पर जिला कलक्टर डॉ.प्रदीप के. गवांडे का स्काउट गाइड जिला मुख्यालय जालोर की ओर स्कार्फ पहनाकर फ्लैग



स्टिकर लगाकर एवं मोमेन्टो भेंट कर स्वागत किया गया। सी.ओ. स्काउट सवाई सिंह राठौड ने स्काउट गाइड गतिविधि से अवगत कराया। जिला कलक्टर ने अपने कक्ष में विमोचन कर जिले के विद्यालयों में स्काउट गाइड रोवर रेंजर इको क्लब सदस्य एवं छात्र–छात्राओं को वितरण करने हेतु जारी किये। इस अवसर पर, देवीलाल गहलोंत, जबरसिह, गीता परमार, स्काउट गाइड पदाधिकारी एवं कब बुलबुल स्काउट गाइड रोवर रेंजर आदि उपस्थित रहे।

❖ पाली जिले में भारत स्काउट व गाइड, राष्ट्रीय मुख्यालय, नई दिल्ली द्वारा स्काउट गाइड स्थापना दिवस 07 नवंबर के

अवसर पर जारी स्काउट गाइड स्टिकर का विमोचन जिला कलेक्ट्रेट पाली में संभागीय आयुक्त प्रतिभा सिंह एवं जिला



कलक्टर, पाली लक्ष्मी नारायण मंत्री द्वारा किया गया। सी.ओ. स्काउट गोविंद मीणा ने बताया की इस अवसर पर जिला कलक्टर पाली ने स्काउट गाइड द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की एवं राष्ट्रपति अवार्ड प्राप्त करने वाले रोवर जगदीश प्रसाद मीणा और विशाल को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। जिला कलक्टर से विमोचन के पश्चात सी. ओ. स्काउट ने अतिरिक्त जिला कलक्टर को स्टीकर लगाया। कलेक्ट्रेट परिसर में एवं अन्य कार्मिकों के स्टिकर लगाकर स्टीकर बिक्री अभियान प्रारंभ किया गया। जिला कलक्टर द्वारा जारी आदेश अनुसार आगामी 15 नवंबर तक सभी राजकीय निजी विद्यालय एवं महाविद्यालय में स्टिकर बिक्री अभियान प्रारंभ किया गया है। स्काउट गाइड द्वारा आमजन को स्टीकर लगाकर इस अभियान को जन–जन तक पहुंचाया जाएगा।

❖ बाड़मेर जिले में भारत स्काउट व गाइड के स्थापना दिवस आयोजन पर जिला कलक्टर श्रीमती टीना डाबी द्वारा फ्लैग



स्टीकर विमोचन किया गया। इस अवसर पर जिला कलक्टर ने स्काउट गाइड के सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को बधाई व शुभकामनाएं दी।

## कोटा मण्डल

❖ झालावाड़ जिले में भारत स्काउट व गाइड के स्थापना दिवस आयोजन पर 7 नवंबर 2025 को जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड़ द्वारा मिनी सचिवालय में फ्लैग स्टीकर का विमोचन



किया गया।

❖ जिला मुख्यालय, बूंदी में भारत स्काउट व गाइड के स्थापना दिवस आयोजन पर विधायक श्री हरिमोहन शर्मा, पूर्व विधायक श्री अशोक डोगरा, अतिरिक्त जिला कलक्टर, एसडीएम, पुलिस



उप अधीक्षक, तहसीलदार बूंदी एवं मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा स्टीकर विमोचन किया गया।

❖ बारां जिले में भारत स्काउट गाइड के 75 वे स्थापना दिवस के अवसर पर जिला कलक्टर रोहिताश सिंह तोमर ने स्काउट गाइड स्टीकर विमोचन कर जिले में बिक्री के लिए जारी किया। सी.ओ. स्काउट प्रदीप चित्तौड़ा एवं सी.ओ. गाइड सुनीता मीणा ने बताया कि भारत स्काउट गाइड अपनी स्थापना की 75वीं वर्षगांठ मना रहा है। इस अवसर पर विभिन्न स्काउट गाइड ग्रुपों के माध्यम से स्टीकर विक्रय कर एक विशेष कोष तैयार किया जा रहा है। इसका उपयोग बाढ़, भूकंप जैसी आपदाओं सहित कई सामाजिक सरोकारों में किया



जाएगा। जिला कलेक्टर ने इस अवसर पर मौजूद स्काउट गाइड पदाधिकारी को संगठन की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर शुभकामनाएं देते हुए जिले में स्काउट गाइड द्वारा किए जा रहे विभिन्न सेवा कार्यों की प्रशंसा की। जिला आयुक्त वयस्क संसाधन अमजद युसूफी ने बताया कि जिले में इन स्टीकरों का विक्रय मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों के माध्यम से ब्लॉक में संचालित सभी विद्यालयों एवं महाविद्यालय को किया जाएगा। जिला मुख्य आयुक्त एवं मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी गेंदालाल रेगर एवं जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक सीताराम गोयल ने भी आर्थिक संबल हेतु स्टीकर बिक्री हेतु सभी ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को पाबंद कर स्टीकर बिक्री करने का आह्वान किया। सी.ओ. स्काउट चित्तौड़ा ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के लिए स्काउट गाइड के द्वारा व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इसके लिए स्थानीय संघ स्तर पर भी प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। इससे पूर्व मृदुल भवन परिसर में स्काउट गाइड ने वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया एवं राष्ट्रीय सद्भाव व एकता की शपथ ली। इस अवसर पर शिक्षा सहकारी अध्यक्ष बृज गोविंद टेलर, रोवर लीडर कमलेश मीणा, महेश सेन सहित स्काउट गाइड मौजूद रहे।

## उदयपुर मण्डल

❖ भारत स्काउट गाइड स्थापना दिवस 07 नवंबर के मौके पर बांसवाड़ा जिले में जिला संरक्षक जिला कलक्टर डॉ इंद्रजीत यादव द्वारा स्टीकर विमोचन किया गया। इस मौके पर सी.ओ. स्काउट दीपेश शर्मा द्वारा स्काउट गाइड गतिविधि के स्थापना दिवस के बारे में बताते हुए अतिरिक्त जिला कलक्टर श्री राजीव द्विवेदी, उपखंड अधिकारी सुश्री सोनू कुमारी एवं जिला स्तरीय आधिकारियों को स्टीकर लगाए गए। स्टीकर लगाने पर सभी अधिकारीगणों ने अपना अंशदान भी दिया। स्काउट गाइड स्टीकर्स को विद्यालयों, महाविद्यालयों, समस्त विभागों और इच्छुक आम जनों के माध्यम से वितरित कर प्रति स्टीकर 10 रुपए राशि एकत्रित करेंगे। इस राशि को राष्ट्रीय मुख्यालय द्वारा जन कल्याणकारी कार्यों यथा आपदा विपदा के समय



सहयोग स्वरूप काम में लिया जाएगा। स्टीकर विमोचन के मौके पर सचिव शबनम शेख, वैशाली कलाल, अंजलि चौहान, अक्षय पटेल, जितेंद्र यादव, मनीष पटेल, कशिश उपाध्याय, मुस्कान चरपोटा मौजूद रहे।

❖ चित्तौड़गढ़ में भारत स्काउट व गाइड के स्थापना दिवस के अवसर पर जिला कलक्टर आलोक रंजन व जिला पुलिस अधीक्षक मनीश त्रिपाठी ने स्काउट गाइड फ्लैग स्टीकर का विमोचन कर बिक्री का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने कब बुलबुल, स्काउट गाइड, रोवर रेंजर, स्काउटर गाइडर, पदाधिकारियों एवं समस्त स्काउट गाइड सदस्यों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान की। स्टीकर विमोचन के अवसर पर जिला कलक्टर आलोक रंजन ने कहा कि वर्तमान समय में छात्र–छात्रओं के लिये स्काउट गाइड गतिविधि बहुत जरूरी है। स्काउट गाइड गतिविधियों के माध्यम से छात्र–छात्राओं में



अनुशासन, स्वावलम्बन, साहस, समाज सेवा व राष्ट्रप्रेम जैसे गुणों का विकास होता है। जिला पुलिस अधीक्षक मनीश त्रिपाठी ने स्टीकर विमोचन कर अपने स्कूली जीवन को याद करते हुये बताया कि वे भी बचपन में स्काउट रहे हैं और उन्हें स्काउट गाइड गतिविधि बहुत पसन्द है। इस अवसर पर अति. जिला कलक्टर रामचन्द्र खटीक, अति. पुलिस अधीक्षक सरिता सिंह, उपखण्ड अधिकारी चित्तौड़गढ़ बीनू देवल, अति. मुख्य कार्यकारी अधिकारी राकेश पुरोहित, जिला शिक्षा अधिकारी मा. /प्रा. शिक्षा राजेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा अपने अपने कार्यालय में स्टीकर विमोचन किया गया। स्थापना दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय चित्तौड़गढ़ कार्यालय पर रात्रि को दीपदान एवं आतिशबाजी का कार्यकम आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्थानीय संघ चित्तौड़गढ़ सचिव पंकज दशोरा, पूर्व सचिव राजकुमार सुखवाल, हेमेन्द्र कुमार सोनी, गोवर्धन लाल आचार्य, अमृत लाल चंगेरिया, भूरा लाल शर्मा, रामेश्वर लाल अहीर, शिवराज गोस्वामी, कैलाश चन्द्र अहीर, रोवर पवन माली, रौनक लखारा, नरेश गुर्जर, निर्मल सिंह तंवर, भगत भूल, रेंजर पुरवाई कुमावत, गाइड रिमझिम पारीक, दुर्गा योगी, कृतिका गोस्वामी, राजलक्ष्मी आदि उपस्थित थे।

# स्काउट गाइड दल : गठन व संचालन

सभी प्रशिक्षित व प्रशिक्षण लेने वाले यूनिट लीडर्स की जानकारी हेतु नये ग्रुप का गठन, प्रारम्भ व संचालन की प्रक्रिया प्रस्तुत है। विद्यालय समय पश्चात् अलग–अलग कक्षाओं के बच्चों को इकठ्ठे कर उन्हें विभिन्न खेल खिलाना प्रारंभ करें। थक जाने पर विश्राम समय में स्काउटिंग/गाइडिंग की सामान्य मौखिक जानकारी प्रदान करें, उन्हें गीत गवायें, कहानी सुने–सुनायें व उनकी प्रतिभाओं को पहचान कर एक प्रतिभाशाली बालक को ट्रूप/कम्पनी, लीडर व 4 अन्य योग्य बच्चों को पैट्रोल लीडर बनायें। 4 टोलियों में विभाजित करें व पशु–पक्षी, फूलों पर टोली का नाम रखें। ध्यान रहे प्रत्येक टोली का संतुलन कदवार, कक्षावार, बलिष्ठाता, मानसिकता, आर्थिक स्थिति, जाति, सम्प्रदाय में समान रहे, ताकि टोली प्रतियोगिता में कोई टोली पिछड नहीं जाये। ट्रूप/कम्पनी लीडर व पैट्रोल लीडर्स को आप प्रशिक्षण दें व अन्य को प्रशिक्षण इन नायकों के माध्यम से आपकी देखरेख में अन्य को दिलवाये। ग्रुप कमेटी व टोली कौंसिल का गठन करें। पैट्रोल कॉसिल में सभी सदस्यों को पदों का बंटवारा कर दायित्व निर्धारण करें। एक टोली में 6 से 8 तक बच्चे सम्मिलित करें। प्रत्येक मंगलवार व शुक्रवार को शाला समय पश्चात् (परिस्थिति अनुसार) एक इण्डोर व एक आउटडोर ट्रूप/कम्पनी मिटिंग 1–1 घंटे की लें, जिसमें प्रार्थना, ध्वजारोहण, सफाई, चंदा, 1–2 खेल, मनोरंजन, कहानी, प्रशिक्षण सम्मिलित करें ताकि बालकों का चरित्र, स्वास्थ्य, स्वावलम्बन, कौशल जैसे गुणों का विकास हो सके।

स्थानीय संघ स्तरीय टोली नायक प्रशिक्षण शिविर में उक्त 5 लीडर्स को सम्मिलित करावे। अपने सहयोग हेतु एक सहायक स्काउट मास्टर/गाइड कैप्टन (चाहे अप्रशिक्षित हो) नियुक्त करें। बाद में उसे प्रशिक्षित करावें। स्थानीय संघ से ग्रुप पंजीकरण फार्म प्राप्त कर निर्धारित शुल्क (कोटामनी) भिजवाकर ग्रुप का पंजीकरण करावें। प्रधानमंत्री शील्ड प्रतियोगिता हेतु पंजीकरण करावें। 1–2 स्थायी सेवा प्रोजेक्ट स्काउट्स/गाइड्स के माध्यम से हाथ में लें व कार्य प्रारम्भ करें।

मीटिंग का लिखित कार्यक्रम बनायं, कार्यक्रम प्रगतिशील हो, लचीला हो, कार्यक्रम में नियमितता, समयबद्धता अवश्य हो। बच्चा फूड, फन व फाइट चाहता है। ध्यान रखें उसके इन तीनों उद्धेश्यों की आपके कार्यक्रम से पूर्ति हो।

ध्यान रखें–स्काउट/गाइड उम्र सीमा 10 से 18 वर्ष के मध्य है, अतः माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 6 व 7 के बच्चों से ट्रूप प्रारम्भ करें, अंतिम कक्षा तक बच्चा राज्य पुरस्कार/राष्ट्रपति अवार्ड प्राप्त कर सकेगा। उ.प्रा.वि में 5 व 6 कक्षा के बच्चों से ट्रूप प्रारम्भ करें, 8वीं उत्तीर्ण तक तृतीय सोपान उत्तीर्ण करने पर उसे अगले विद्यालय के ट्रूप में योग्यता प्राप्त स्टेज से प्रशिक्षण दिलवाने हेतु सम्बन्धित स्काउअ मास्टर/गाइड कैप्टन को सूचित करें।



योग्यता वृद्धि

| | |
|---|---|
| ट्रूप/कम्पनी | भर्ती हेतु–10 वर्ष से, स्काउटर/गाइडर प्रवेश पाठ्यक्रम बताये। |
| प्रवेश | 3 माह बाद, स्काउटर/गाइडर संतुष्ट होकर दीक्षा (प्रवेश बैज़) |
| प्रथम सोपान | 6 माह बाद (प्रवेश के) प्रशिक्षण व जांच स्काउटर/गाइडर द्वारा। |
| द्वितीय सोपान | 9 माह बाद (प्र.सो. के) प्रशिक्षण व जांच एल.ए. स्तर पर, स्वतंत्र परीक्षकों द्वारा |
| तृतीय सोपान | 9 माह बाद (द्वि.सो. के) प्रशिक्षण व जांच एल.ए. स्तर पर, स्वतंत्र परीक्षकों द्वारा |
| राज्य पुरस्कार | 9 माह बाद (तृ.सो. के) प्रशिक्षण जिला स्तर पर, जांच मंडल स्तर पर, आयु 13 वर्ष पूर्ण हो। |
| राष्ट्रपति अवार्ड | 12 माह बाद (रा.पु. के) प्रशिक्षण राज्य/मंडल स्तर पर, जांच राष्ट्रीय स्तर पर, केवल 18 वर्ष की आयु तक। |

तृतीय सोपान प्रमाण पत्र, मण्डल मुख्यालय से जारी होता है, कॉलेज प्रवेश में 3 प्रतिशत अंक देय है। राज्य पुरस्कार प्रमाण पत्र, राज्य मुख्यालय से जारी होता है कॉलेज प्रवेश में 5 प्रतिशत अंक देय है। राष्ट्रपति अवार्ड प्रमाण पत्र, राष्ट्रीय मुख्यालय से जारी होता है, कॉलेज में न्यूनतम अंकों पर प्रवेश होता है।

उक्त शिविरों में आप भी सम्मिलित हो स्काउट्स गाइड्स के साथ अपनी भी क्षमता का विकास करें। बच्चों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा विकसित करें, दक्षता बैज बच्चों को आवंटित कर उन पर कार्य करावें। अपने ट्रूप/कम्पनी में पर्याप्त मात्रा में स्काउट/ गाइड साहित्य रखें, बचों को पढ़ने दे, अन्य रिकॉर्ड व सामग्री की व्यवस्था भी करें यथा– ट्रूप/कम्पनी रजिस्टर, लॉग बुक, मान सभा डायरी, स्काउट गाइड साहित्य, प्रशिक्षण सामग्री, फर्स्ट एड बॉक्स, कम्पास, झण्डा, डोरी, पोल, बांस, एक सन्दूक, कुकिंग किट आदि।

एक अच्छे स्काउट/गाइडर के सामने धनाभाव नहीं होता, वह संस्था से, बच्चों से, अभिभावकों, दानदाता व भामाशाहों से सहयोग लेकर अच्छे दल का संचालन कर सकते हैं।

**स्काउटर रा.महारावल उमावि, डूंगरपुर**

हमारा स्वास्थ्य

# कैसे करें तनाव का सामना

–स्काउट गाइड ज्योति डेस्क



तनाव बदलाव के प्रति होने वाली एक भावनात्मक और शारीरिक प्रतिक्रिया है। हर किसी को तनाव होता है। तनाव सकारात्मक और आपको ऊर्जा देने वाला हो सकता है या यह अस्वास्थ्यकर और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं पैदा करने वाला हो सकता है। हो सकता है कि कम समय–अंतरालों तक रहने वाला तनाव आपको प्रभावित न करें लेकिन लंबे समय तक बने रहने वाला तनाव आप पर प्रभाव डाल सकता है या हृदय रोग, हृदयाघात, उच्च रक्तचाप, डायबिटीज़, आंतों में गड़बड़ी के संलक्षण, दमा या गठिया जैसी कुछ बीमारियों को और अधिक बिगाड़ सकता है।

## तनाव के कारण

हरेक व्यक्ति के लिए तनाव के अलग–अलग कारण होते हैं। तनाव के कुछ सामान्य कारणों में परिवार के किसी सदस्य की मृत्यु, बीमारी, अपने परिवार की देखरेख करना, रिश्तों में बदलाव आना, काम, नौकरी बदलना, जगह बदलना और पैसा हो सकते हैं। यहाँ तक कि देर तक इंतजार करना, विलंब हो जाना या भारी ट्रैफिक होना जैसी छोटी–छोटी चीजें भी तनाव का कारण हो सकती हैं।

## अस्वास्थ्यकर तनाव के कुछ सामान्य चिन्ह/लक्षण हैं :

- घबराहट, उदासी या गुस्सा महसूस करना
- दिल की धड़कनों का तेज हो जाना
- सांस लेने में परेशानी होना
- पसीना आना
- गर्दन, कंधों, पीठ, जबड़े या चेहरे की मांसपेशियों में दर्द या ऐंठन होना
- सिर दर्द होना
- थकान महसूस करना या नींद आने में समस्या होना
- कब्ज या दस्त
- पेट खराब रहना, भूख कम होना या वजन घटना

## तनाव का सामना करने के नुस्खे

तनाव के लक्षणों पर ध्यान दें। जब ये प्रकट हों, तो इसके कारण से बचने या इनके प्रति अपनी प्रतिक्रिया को बदलने की कोशिश करें। अन्य मददगार सुझाव:

* कुछ ऐसा करें जो आपको तनावमुक्त करे, जैसे : धीरे–धीरे और गहरी सांसें लेना, हाथ–पैर फैलाकर किए जाने वाले व्यायाम (स्ट्रेचिंग), योग, मालिश, ध्यान, संगीत सुनना, पढ़ना, गुनगुने पानी से स्नान करना या शॉवर लेना।
* कोई शौक पालें या कुछ ऐसा करें जिसमें आपको आनंद आता हो।
* जिन चीजों को आप नहीं बदल सकते उन्हें स्वीकार करना सीखें।
* सकारात्मक सोच रखें।
* सीमा तय करें। नहीं कहना सीखें। एक समय पर एक काम करें।
* प्रत्येक रात 8 घंटे की नींद लें।
* स्वास्थ्यकर भोजन खाएं जिसमें फल, सब्जियां, प्रोटीन और रेशेदार अनाज शामिल हों। कैफीन और चीनी का प्रयोग सीमित करें।
* नियमित रूप से व्यायाम करें। व्यायाम आपकी तनी हुई मांसपेशियों को ढीला करने, आपके मिजाज को ठीक करने और आपको बेहतर नींद लेने में मदद देगा।
* अपने परिवार और मित्रों से अपनी समस्याओं के बारे में बातचीत करें।
* बहुत ज्यादा खाने, पर्याप्त न खाने, तंबाकू उत्पादों का प्रयोग करने, शराब पीने या नशीली दवाओं का प्रयोग करने जैसे अस्वास्थ्यकर तरीकों के जरिए तनाव से न निपटें।
* यदि आपको आवश्यकता हो तो किसी चिकित्सक से मदद प्राप्त करें। तनाव का सामना करने और समस्याओं से निपटने में काउन्सलर आपकी मदद कर सकता है। उदासी के अहसास, घबराहट या सोने की समस्या दूर करने में सहायता के लिए आपका डॉक्टर आपको दवाइयां लिखकर दे सकता है।

आपको जब भी तनाव के लक्षण दिखें या अपने आप को तनाव में महसूस करें तो तुरन्त अपने डॉक्टर या नर्स से बात करें। स्वस्थ रहना है तो इसे बढ़ने ना दें।

हमारे महापुरुष

# पंडित मदन मोहन मालवीय

**भारत का महामानव और संस्कृति पुरुष**

( जन्म: 25 दिसंबर 1861 – निधन: 12 नवंबर 1946 )

–स्काउट गाइड ज्योति डेस्क

भारतभूमि सदा से ही महापुरुषों की जन्मभूमि रही है। यहाँ ऐसे अनेक संत, दार्शनिक, योद्धा और समाज सुधारक हुए जिन्होंने अपने जीवन से समाज और राष्ट्र का मार्ग प्रकाशित किया। इन्हीं में से एक थे पंडित मदन मोहन मालवीय – जिनका नाम श्रद्धा, विद्या, संस्कृति और राष्ट्रभक्ति का पर्याय बन गया।

वे केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक युग थे। उन्होंने अपने कर्म, विचार और त्याग से भारत के नवजागरण में अमिट योगदान दिया। उनका जीवन भारतीय संस्कृति की आत्मा, शिक्षा के पुनर्जागरण और राष्ट्रनिर्माण के आदर्श का प्रतीक है।



## प्रारंभिक जीवन और परिवार

पंडित मदन मोहन मालवीय का जन्म 25 दिसंबर 1861 को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज (तत्कालीन इलाहाबाद) में एक प्रतिष्ठित ब्राह्मण परिवार में हुआ। उनके पिता पंडित बृजनाथ मालवीय संस्कृत के विद्वान और कथा–भागवत के प्रसिद्ध वक्ता थे। माँ मोइन देवी धार्मिक विचारों वाली, सहृदय और संस्कारवान महिला थीं।

घर का वातावरण पूरी तरह धार्मिक और विद्या–प्रधान था, जिसने बालक मदन मोहन के हृदय में आरंभ से ही आध्यात्मिकता, सत्यनिष्ठा और संस्कारों की जड़ें मजबूत कर दीं।

## शिक्षा–दीक्षा और आरंभिक जीवन

बाल्यावस्था से ही मालवीय जी अत्यंत मेधावी, विनम्र और अनुशासित छात्र थे। उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा हरदेव धर्मज्ञानोपदेश पाठशाला से प्राप्त की, जहाँ उन्हें संस्कृत, हिंदी और धर्मग्रंथों का ज्ञान हुआ। इसके पश्चात उन्होंने सेंट्रल हिंदू स्कूल, वाराणसी और फिर म्योर सेंट्रल कॉलेज, इलाहाबाद से उच्च शिक्षा प्राप्त की।

स्नातक स्तर पर उन्होंने अद्भुत प्रतिभा दिखाई और छात्र जीवन में ही अपने देशभक्ति के विचारों को अभिव्यक्त करना आरंभ कर दिया था।

उनकी वक्तृत्व कला इतनी प्रभावशाली थी कि 1886 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के दूसरे अधिवेशन (कोलकाता) में जब उन्होंने अपने विचार रखे, तो समूचा पंडाल "मालवीय जी की जय" के नारों से गूँज उठा।

## राष्ट्रीय चेतना का जागरण

पंडित मालवीय जी के जीवन का सबसे उज्ज्वल पक्ष था राष्ट्रीय चेतना का प्रचार। उन्होंने भारत के स्वतंत्रता आंदोलन को न केवल राजनीति के माध्यम से, बल्कि शिक्षा, पत्रकारिता, समाजसेवा और धार्मिक एकता के मार्ग से भी बल दिया। वे मानते थे कि– "भारत की स्वतंत्रता तभी संभव है जब उसके नागरिक शिक्षित, संस्कारित और आत्मनिर्भर बनें।" इसी विचार के आधार पर उन्होंने शिक्षा को राष्ट्रनिर्माण का आधार बनाया।

## शिक्षा के क्षेत्र में योगदान

पंडित मालवीय जी का सबसे महान कार्य था 'बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय' की स्थापना। उन्होंने यह विश्वविद्यालय केवल एक शैक्षणिक संस्था के रूप में नहीं, बल्कि भारत की संस्कृति, विज्ञान और आध्यात्मिकता का संगम मानकर स्थापित किया।

## बीएचयू की स्थापना का संकल्प

1905 में उन्होंने बनारस में "हिन्दू विश्वविद्यालय समिति" की स्थापना की। अनेक कठिनाइयों और आर्थिक अभावों के बावजूद उन्होंने अपने अथक प्रयासों से देशभर के लोगों से सहयोग प्राप्त किया। आखिरकार 1916 में बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना हुई, जो आज एशिया के सबसे बड़े आवासीय विश्वविद्यालयों में से एक है।

उन्होंने इस विश्वविद्यालय का उद्देश्य बताया– "यह संस्था भारतीय युवकों को ऐसी शिक्षा देगी जिसमें विज्ञान की बुद्धि, धर्म की श्रद्धा और कर्म की शक्ति एक साथ विकसित हो।"

## राजनीतिक जीवन

पंडित मालवीय का राजनीति में प्रवेश देशसेवा की भावना से प्रेरित था। उन्होंने 1886 से लेकर 1936 तक भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के आठ अधिवेशनों की अध्यक्षता की।

वे उन कुछ गिने–चुने नेताओं में थे जिन्होंने गांधीजी, गोखले और नेहरू जैसे नेताओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भूमिका निभाई। वे असहयोग आंदोलन और नमक सत्याग्रह के समय भी देशवासियों को शांतिपूर्ण संघर्ष के लिए प्रेरित करते रहे। उनका विश्वास अहिंसा, संवाद और नैतिक बल पर था।

## सामाजिक सुधार और धार्मिक समन्वय

मालवीय जी ने जीवन भर हिंदू समाज के पुनरुत्थान के साथ–साथ सभी धर्मों के बीच सौहार्द और एकता की भावना को भी बल दिया।

उन्होंने जाति–पांति, छुआछूत और सामाजिक भेदभाव के विरोध में आवाज उठाई। उन्होंने गंगा स्नान के समय हरिजन (दलित) समाज को मंदिरों में प्रवेश दिलाने के लिए आंदोलन चलाया, जो उस समय एक ऐतिहासिक कदम था। उनका विचार था– "जब तक समाज के सबसे निचले वर्ग को सम्मान नहीं मिलेगा, तब तक राष्ट्र की आत्मा मुक्त नहीं होगी।"

## पत्रकारिता और विचार प्रसार

पंडित मालवीय जी न केवल शिक्षाविद और नेता थे, बल्कि एक उत्कृष्ट पत्रकार भी थे। उन्होंने 'हिंदुस्तान, द इंडियन यूनियन, अभ्युदय, और लीडर जैसे पत्रों का संपादन किया। पत्रकारिता को उन्होंने राष्ट्र जागरण का सबसे प्रभावी माध्यम माना। उनके लेखन में स्पष्टता, दृढ़ता और भारतीय संस्कृति की गहराई झलकती थी। वे प्रेस की स्वतंत्रता के प्रबल समर्थक थे और ब्रिटिश सरकार द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों का सदा विरोध करते रहे।

## न्याय और सेवा भावना

मालवीय जी पेशे से वकील भी थे। इलाहाबाद उच्च न्यायालय में उन्होंने कई ऐतिहासिक मामलों की पैरवी की। सबसे प्रसिद्ध था चौरी–चौरा कांड में गिरफ्तार 177 देशभक्तों का केस। उन्होंने अपनी अद्भुत वकालत से 156 देशभक्तों को फांसी से बचाया। यह उनके न्यायप्रिय, करुणामय और राष्ट्रप्रेमी व्यक्तित्व का प्रमाण है।

## गांधीजी के साथ संबंध

महात्मा गांधी, पंडित नेहरू, गोखले और तिलक – इन सभी राष्ट्रीय नेताओं में मालवीय जी का स्थान अत्यंत सम्माननीय था। गांधीजी उन्हें "महामना" कहते थे, जिसका अर्थ है– महान आत्मा। यह उपाधि उन्हें उनके महान कर्म, विशाल हृदय और असीम दया के कारण मिली।

## व्यक्तित्व और आदर्श

पंडित मदन मोहन मालवीय का व्यक्तित्व बहुआयामी था–

वे शिक्षक थे, जिन्होंने राष्ट्र को शिक्षित किया।

संस्कृतज्ञ थे, जिन्होंने धर्म और संस्कृति का संरक्षण किया।

राजनीतिज्ञ थे, जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम को नैतिक दिशा दी।

और मानववादी थे, जिन्होंने समाज को समानता और सेवा का संदेश दिया।

उनका जीवन सादगी, अनुशासन और त्याग का प्रतीक था। वे सरल वस्त्र पहनते, शाकाहारी भोजन करते और अपने छात्रों को सदैव मातृभूमि की सेवा के लिए प्रेरित करते।

## सम्मान और उपाधियाँ

•"महामना" की उपाधि उन्हें राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने दी।

•2014 में भारत सरकार ने उन्हें मरणोपरांत "भारत रत्न" से सम्मानित किया।

•उनकी स्मृति में बीएचयू परिसर में "मालवीय भवन" और कई संस्थाएँ स्थापित हैं।

## विचार और दर्शन

मालवीय जी का जीवन–दर्शन चार मूल सिद्धांतों पर आधारित था–

•शिक्षा – राष्ट्र की प्रगति का प्रथम आधार।

•संस्कृति – भारतीयता की आत्मा का संरक्षण।

•एकता – धर्म, जाति और भाषा से ऊपर मानवता।

•सेवा – ईश्वर की सच्ची उपासना।

उन्होंने कहा था– "भारत को यदि महान बनाना है, तो उसके नागरिकों को पहले महान बनना होगा।"

## आध्यात्मिकता और धार्मिक दृष्टिकोण

पंडित मालवीय का धर्म जीवन के प्रत्येक क्षेत्र से जुड़ा हुआ था, परंतु वे कभी संकीर्ण नहीं थे। उनका धर्म मानवता का धर्म था। वे गीता, उपनिषद और वेदांत के गहरे ज्ञाता थे, परंतु उन्होंने सदा कहा– "सच्चा धर्म वही है जो मानव कल्याण का मार्ग दिखाए।"

## उनका राजनीतिक आदर्शवाद

जहाँ अन्य नेता कभी–कभी राजनीतिक अवसरवाद में उलझे, वहीं मालवीय जी ने हमेशा नीति और आदर्शों को प्राथमिकता दी। वे राष्ट्रहित के प्रश्नों पर कभी समझौता नहीं करते थे। उन्होंने ब्रिटिश शासन से संवाद और अहिंसा के माध्यम से स्वतंत्रता प्राप्ति का समर्थन किया।

## अंतिम वर्ष और मृत्यु

पंडित मालवीय ने जीवन के अंतिम वर्षों में सक्रिय राजनीति से दूर होकर पूरी तरह शिक्षा और समाजसेवा में स्वयं को समर्पित कर दिया। 12 नवंबर 1946 को वे पंचतत्व में विलीन हो गए। उनके निधन पर राष्ट्र ने एक सच्चे शिक्षक, मार्गदर्शक और आध्यात्मिक नेता को खो दिया।

## आज के युग में प्रासंगिकता

आज जब शिक्षा व्यावसायिक होती जा रही है, नैतिकता कमजोर हो रही है, और समाज विभाजनों से ग्रस्त है तो ऐसे समय में मालवीय जी के आदर्श पहले से अधिक आवश्यक हैं।

उनका जीवन हमें सिखाता है–

- शिक्षा में संस्कार जोड़ो,
- राजनीति में नैतिकता लाओ,
- समाज में एकता और करुणा फैलाओ।

यदि भारत को "विश्वगुरु" बनाना है, तो हमें फिर से मालवीय जी की शिक्षाओं और आदर्शों को अपनाना होगा।

## निष्कर्ष

पंडित मदन मोहन मालवीय केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचारधारा थे– ज्ञान, संस्कृति, नैतिकता और राष्ट्रप्रेम की विचारधारा। उनका सम्पूर्ण जीवन भारत माता की सेवा, भारतीय संस्कृति के संरक्षण और शिक्षा के प्रसार को समर्पित था। उनके शब्द आज भी उतने ही प्रेरणादायक हैं– "जो अपने राष्ट्र, धर्म और संस्कृति की सेवा में जीवन लगाता है, वही सच्चा मानव है।"

# दक्षता पदक

**स्काउट गाइड ज्योति में दक्षता पदकों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की जा रही हैं। आशा है यह जानकारी प्रशिक्षण के मद्देनज़र उपयोगी साबित होगी। इस अंक में 'प्राथमिक सहायक' एवं 'गाइड' दक्षता बैज की जानकारी दी जा रही है।**

## प्राथमिक सहायक
## FIRST AID



– किसी खरोंच या कटी खाल के घाव को साफ करना व उनका इलाज जाने। मरहम पट्टी कर हाथ पैर व घुटने पर तिकोणी पट्टी बांध सके। बड़ी हाथ की झोली बनाना व सिर की पट्टी बांधना जाने।
– नाक से खून बहना रोकना जाने।
– कपड़ों व शरीर पर आग लगने पर कैसे बुझाई जाती है जाने।
– साधारण जलने या झुलसने का उपचार, दम घुटना, डंक लगने व सांप काटने पर प्राथमिक उपचार जाने।
– सदमे का प्राथमिक उपचार जाने।
– मोच पर प्राथमिक उपचार व मोच आने पर पट्टी बांधना जाने।

**बैज प्राप्त करने के लिए –**

एक स्वर्ण पंख बुलबुल या हीरक पंख बुलबुल इतनी सक्षम हो जाती है कि रोगी की प्राथमिक सहायता किस प्रकार की जा सकती है।

– प्राथमिक सहायक के गुण विकसित करना, धैर्यवान होना तथा सीखे गये कार्य में पारंगत हो मन में सेवा करने की भावना हो तभी संभव होगा।
– उपयोग करने से पहले उस रोग के प्रति पूर्ण जानकारी रखे।
– आग लगने पर आवश्यक है कि उपचार जाने।
– किसी प्रकार तेल से लगी आग, करंट से तथा पानी से झुलसने या जला है तो उपयुक्त कारण का सही निराकरण जान उचित उपचार दिया जाए।
– दम घुटने पर खुली हवा में डंक लगने पर डंक को सुई से निकाल अमोनिया के घोल से धोवें ताकि सूजन आकर दिखाई देना बंद न हो जाए। अन्यथा पक जायेगा। सांप काटने पर प्लस के आकार में चीरा लगा अतिरिक्त रक्त के साथ जहर निकलने दें। प्राथमिक उपचार कर तत्काल अस्पताल की सलाह देवें।

## गाइड
## GUIDE



– गाँव में निकटतम पुलिस स्टेशन या थाने, दवा खाना, अस्पताल, गाँव के डॉक्टर, हकीम, वैद्य, बस स्टेशन, रेल्वे स्टेशन, बाजार, धर्मशाला, सराय, डाकतार, घर विश्राम गृह जाने।
– नगर या निकटतम पुलिस स्टेशन, डॉक्टर का निवास, दवाई की दुकान, स्थानीय दूरभाष, फायर ब्रिगेड, बस स्टेशन, रेल्वे स्टेशन, पेट्रोल पम्प, मोटर गैराज, होटल, डाकतार घर इत्यादि जाने।
– फायर ब्रिगेड, पुलिस या एम्बूलेंस बुलाना जाने।
– किसी भी अनजान व्यक्ति को विनम्रता और शीघ्रता से पथ प्रदर्शित कर सकें।
– अपने निकटतम स्थानीय ऐतिहासिक स्थल के बारे में रूचि पूर्ण इतिहास को बता सकें।

**बैज प्राप्ति के लिए क्या करें**

– यदि बुलबुल ग्रामीण क्षेत्र की है तो निकटतम पुलिस स्टेशन, थाने को जानें। दवाखाने को बता सके। गाँव के प्रसिद्ध डॉक्टर, हकीम, वैद्य की जानकारी हो, साथ ही धर्मशाला सराय आदि की स्थिति बतलाई जा सके।
– दूरी किस नाम से कितने पैसे लगभग होंगे, ये बातें स्थानीय क्षेत्र की बुलबुल को ज्ञात होनी चाहिए, तभी एक अच्छी निर्देशिका के रूप में साबित होगी।
– यदि बुलबुल नगर या शहर की है तो पुलिस स्टेशन, अपने क्षेत्र के डॉक्टर का घर, नाम पता जाने, दवाई की दुकान, टेलीफोन एक्सचेंज, फायर ब्रिगेड के नम्बर, बस स्टेशन निजी व राज्य परिवहन यदि संभव हो तो इंक्वायरी नम्बर, रेल्वे स्टेशन, ब्रोड गेज, मीटर गेज (प्लेटफार्म आदि), पेट्रोल पम्प, मोटर गैरेज, होटल, डाकतार घर के बारे में बताएं।
– उपरोक्त के लिए फ्लॉक मीटिंग्स में आवश्यक सूचनाएं या ध्यान देने योग्य बातें बताएं।
– विशेष सेवाओं के लिए नम्बर व उसके उपयोग की जानकारी दी जाए, जैसे 100 पुलिस के लिए, 101 फायर ब्रिगेड, 108 एम्बूलेंस के लिए प्रयोग किये जाते हैं, साथ ही उपरोक्त नं. की सेवाओं के लिए फोन की प्रक्रिया के बारे में जाने। पूछने पर अंजान व्यक्ति को विनम्रता से तथा जिस समय आवश्यकता हो तत्काल सेवा उपलब्ध कराने के प्रयास किये जाये।
– एक बुलबुल को अपने निकट स्थानीय ऐतिहासिक दर्शनीय स्थलों की जानकारी होनी चाहिये।

# गतिविधि पञ्चांग



## राज्य पञ्चांग

**PROPOSED**

| नाम शिविर/गतिविधि | स्थान | तिथियां |
|---|---|---|
| डेजर्ट ट्रेकिंग कम एडवेंचर कैम्प | जैसलमेर | 11 से 15.12.2025 |
| स्टेट एडवेंचर प्रोग्राम | आबू पर्वत न. 1 | 21 से 25.12.2025 |
| रोवर मूट/रेंजर मीट व यूथ वर्कशॉप | सवाईमाधोपुर | 26 से 30.12.2025 |
| राज्य स्तरीय मासिक ऑर्गेनाइजर्स ऑनलाइन संगोष्ठी | राज्य स्तर पर | 30.12.2025 तक |
| पाक्षिक ऑर्गेनाइजर्स ऑनलाइन संगोष्ठी | मण्डल स्तर पर | 30.12.2025 तक |
| स्वच्छ भारत मिशन पर कार्य | जिला स्तर | प्रतिमाह |
| डी.एल.एड/बी.एड बेसिक कोर्स/ग्रुप शिविर/बिगिनर्स कोर्स | जिला स्तर पर | प्रति माह |
| युवा दिवस एवं राज्य पुरस्कार समारोह | जगतपुरा, जयपुर | 10 से 13.01.2026 तक |
| युवा दिवस/युथ कमेटी बैठक | स्था.संघ /जिला स्तर पर | 12.01.2026 को |
| सड़क सुरक्षा सप्ताह | जिला/राज्य स्तर | तिथियों के अनुसार |
| हिमालय वुड बैज कोर्स (स्काउट विंग) | अजमेर | 17 से 23.01.2026 |
| हिमालय वुड बैज कोर्स (गाइड विंग) | अजमेर | 17 से 23.01.2026 |
| गणतन्त्र दिवस | सभी स्तरों पर | 26.01.2026 |
| शहीद दिवस – प्रार्थना सभा | ग्रुप/स्था.संघ स्तर | 30.01.2026 |
| राज्य स्तरीय मासिक ऑर्गेनाइजर्स ऑनलाइन संगोष्ठी | राज्य स्तर पर | 30.01.2026 तक |
| पाक्षिक ऑर्गेनाइजर्स ऑनलाइन संगोष्ठी | मण्डल स्तर पर | 30.01.2026 तक |



## राष्ट्रीय पञ्चांग

**PROPOSED**

| Name of Camp/Activity | Date | Place |
|---|---|---|
| National Youth Adventure Programme | Dec.2025 to March 2026 | Sarsai, Manali, HP |
| National Youth Adventure Programme | Oct.2025 to March 2026 | Sam Sand Dunes, Jaisalmer |



## अन्तर्राष्ट्रीय पञ्चांग

**PROPOSED**

| Name of Camp/Activity | Date | Place |
|---|---|---|
| Camp Next 2026, International Camp | 25 - 30 January, 2026 | Taichung City, Taiwan |
| Jamboree Denmark 2026 | 18 - 26 July 2026 | Hedeland Naturepark |
| 26th World Scout Jamboree-Poland | 30 July - 08 August 2027 | Gdansk, Northern Poland |

**National Headquarters website : www.bsgindia.org**



श्री सुरेश सिंह रावत व श्री निरंजन आर्य द्वारा अन्य पदाधिकारियों के साथ सम्मेलन शिविर का ध्वजारोहण कर शिविर का शुभारंभ





संभागियों में जोश व उत्साह का संचार करते श्री निरंजन आर्य एवं डॉ. अरूण चतुर्वेदी का स्वागत करते हुए पूरण सिंह शेखावत



श्री ओटाराम देवासी एवं श्री निरंजन आर्य जम्बूरी प्रदर्शनी के अवलोकन पश्चात प्रदेश के अधिकारियों के साथ








19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी में भारत स्काउट व गाइड के राष्ट्रीय व उत्तरप्रदेश राज्य संगठन के स्काउट पदाधिकारी उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ मंच साझा करते हुए एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ एवं जम्बूरी के 35000 संभागियों को प्रेरणास्प्रद उद्बोधन देते हुए उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

प्रकाशक व मुद्रक : डॉ. पी.सी. जैन, राज्य सचिव, राजस्थान राज्य भारत स्काउट्स व गाइड्स, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर फोन नं. 0141-2706830 द्वारा मैसर्स हरिहर प्रिण्टर्स, जे-97, अशोक चौक, आदर्श नगर, जयपुर-302004 फोन : 0141-2600850 से मुद्रित।

हिन्दी मासिक एक प्रति रूपये पन्द्रह
प्रकाशन - प्रत्येक माह
पंजीकृत समाचार पत्रों की श्रेणी के अन्तर्गत
आर.एन.आई. नम्बर : RAJ BIL/2000/01835
प्रेषक :-
राजस्थान राज्य भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, बजाज नगर, जयपुर-302015
फोन : 0141-2706830, 2941098
ई-मेल : scoutguidejyoti@gmail.com